www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 29 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
20 अप्रैल 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:39
सूर्यास्तः 06:32
अधिकतमः 41:00
न्यूनतमः 26:00



पेज 07

विशेष समाचार | अतिक्रमण रोकने में सरकारों ... >> पेज 04 | पिता ने की जुड़वां बेटियों ... >> पेज 06 | दूसरी बार पेरेंट्स बनेंगे...

### लखनऊ से सीएम योगी ने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का शुभारंभ किया

# ‘जैसे आत्मा वैसे सनातन अमर है’

मुख्यमंत्री ने सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा को रवाना किया और इसे भारत की आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया। इस यात्रा के तहत उत्तर प्रदेश से 1000 से अधिक श्रद्धालु गुजरात स्थित सोमनाथ धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए

धर्मयात्रा

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का शुभारंभ किया। उन्होंने गोमती नगर स्टेशन पर सोमनाथ यात्रा विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का गौरव है कि आज यहां सब कुछ है। काशी की जीवंतता है। अयोध्या की मर्यादा है। मथुरा वृन्दावन की भक्ति है। प्रयागराज की समरसता है। हम महाकाल जाते हैं तो महाकाल का लोभ। केदारपुरी में जाते हैं तो केदारेश्वर और बद्री विशाल का भव्य मंदिर। रामेश्वरम जाते है तो वहां का धाम, हमको आकर्षित करता है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### हमारी आस्था को कोई भी डिगा नहीं पायाः योगी

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पहले जिन आक्रांताओं ने राम मंदिर को अपमानित करने का काम किया था। हिन्दुओं की आस्था पर कुठाराघात किया था। क्या वे हमारी आस्था को हटा पाए? डिगा पाए? नहीं, जिन्होंने आस्था पर प्रहार किया था उनका कोई नाम लेने वाला नहीं है। सनातन की आस्था पूरी भव्यता के साथ आज भी आकाश की तरह ऊंचाइयों पर मौजूद है। अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है। केसरिया ध्वज मंदिर में लहरा रहा है। काशी में काशी विश्वनाथ का भव्य कॉरिडोर और मां विंध्यावासनी का भव्य कॉरिडोर बन गया है। दुनिया में सांस्कृतिक आयोजन किस रूप में होना चाहिए उसका प्रतीक महाकुम्भ बना।

### 10-11 साल पहले कोई सोचता था कि राम मंदिर का निर्माण होगा

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो कार्य आजाद भारत में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने आगे बढ़ाया था, यह उसी अभियान का कार्यक्रम है। कोई सोचता था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो पाएगा।

### 'पहले की सरकारों में आस्था और संस्कृति को बढ़ावा नहीं दिया'

मेरठ के रहने वाले पंकज चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हम लोगों को सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करवा रहे हैं। इससे पहले की सरकारों में कभी भी आस्था और संस्कृति को बढ़ावा नहीं दिया गया था। ट्रेन में हर तरह की सुविधा हम लोग को दी जा रही है।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न दिया गया। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और मेयर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रहीं।

व्हाइट स्वान आर्ट और सीएसआईआर-आईआईटीआर की ओर से सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। इसके जरिए समाज को एकजुट करने का संदेश दिया।

### 'यात्रा के दौरान हर जरूरी सुविधाएं दी जा रही हैं'

बिजनौर से आईं रविता राठी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हम लोगों को सोमनाथ की पावन यात्रा के लिए भेजा जा रहा है। हम लोग को सभी तरह की सुविधा दी जा रही हैं। हम मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहते हैं।

### चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खुले

सुनील/दीपक/नितिन। उत्तराखंड में आज से चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री और 12 बजकर 35 मिनट पर यमुनोत्री के कपाट खोल दिए गए।

गंगोत्री में पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। इस पूजा के खत्म होने के बाद आम लोग अब मां गंगा के दर्शन कर पा रहे हैं।

उधर, मां यमुनोत्री में कपाट खुलते ही काफी देर से दर्शन के लिए खड़े लोगों की भीड़ अब मंदिर की तरफ बढ़ती दिख रही है।

वहीं, बाबा केदार की डोली भी अपने शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर से फाटा की ओर रवाना हो गई है। बाबा की पंचमुखी डोली 21 अप्रैल को केदारनाथ पहुंचेगी जिसके बाद अगले दिन 22 अप्रैल कपाट खुलेंगे।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 18 लोगों की मौत

### 6 घायल, कई मलबे में दबे, 30 मजदूर काम कर रहे थे

दर्दनाक

- विस्फोट में फैक्ट्री के तीन कमरे ढह गए और आसपास की कुछ इमारतों को नुकसान हुआ है।
- फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है।

तमसा संकेत, एजेंसी

विरुधुनगर। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में रविवार को एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ। पुलिस के मुताबिक, हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है।

>> (शेष पेज 06 पर)





### 6 दिन पहले भी धमाके में दो लोगों की मौत हुई थी

इससे पहले 13 अप्रैल को विरुधु-नगर सत्तूर के पास सथिरापट्टी इलाके में एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ था। इसमें दो मजदूर की मौत हो गई थी। पांडी नाम के मजदूर की मौके पर झुलसने से मौत हो गई थी। वहीं अस्पताल में इलाज के दौरान करुप्पासामी (33) की मौत हो गई।

### ईरानी राष्ट्रपति बोले हम युद्ध नहीं चाहते, सिर्फ आत्मरक्षा कर रहे

# ‘अमेरिका पर भरोसा नहीं’

ईरान बोला- हालात बिगड़ सकते हैं होर्मुज से हमारे जहाज नहीं निकले तो किसी के नहीं गुजरने देंगे

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के परमाणु अधिकारों को रोकने का कोई हक नहीं है।

ईरानी न्यूज एजेंसी ISNA के मुताबिक, पजशकियान कहा, “ट्रम्प कहते हैं कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता, लेकिन यह नहीं बताते कि किस जुर्म में। वह कौन होते हैं किसी देश को उसके अधिकारों से वंचित करने वाले?” पजशकियान का यह बयान ऐसे समय आया है जब सीजफायर की समय सीमा खत्म होने वाली है। अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत में अभी भी गतिरोध बना हुआ है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### ईरान बोला- अमेरिका की नाकेबंदी युद्ध अपराध है

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा है कि अमेरिका द्वारा ईरान के बंदरगाहों और तट पर लगाई गई नाकेबंदी सीजफायर का उल्लंघन है। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक, इस्माइल ने कहा कि ईरानी जनता पर सामूहिक सजा थोपना युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के बराबर है।

### ईरान डेलिगेशन मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचेगा

ईरान का डेलिगेशन मंगलवार को अमेरिका के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान पहुंचेगा। CNN के मुताबिक, इस टीम में पिछली बार की तरह विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ शामिल हो सकते हैं। अगर बातचीत ठीक रही और अमेरिकी राष्ट्रपति डोलाल्ड ट्रम्प इस्लामाबाद आने पर सहमत हुए तो ईरान के राष्ट्रपति भी वहां जा सकते हैं। ऐसे में दोनों देशों के राष्ट्रपतियों की बैठक हो सकती है जिसमें ‘इस्लामाबाद घोषणा’ पर हस्ताक्षर किया जा सकता हैं।

फास्ट न्यूज

### पहलगाम हमले की बरसी से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ी

पहलगाम । पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी से पहले कश्मीर भर के टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे पहलगाम हमले की बरसी पर टूरिस्ट स्पॉट्स के आस-पास, किसी भी संभावित आतंकी हमले को लेकर सतर्क रहें।

कार्यवाही | तैयारी

### मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की तैयारी में विपक्ष

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष एक बार फिर कोशिश में जुटा है। सूत्रों के अनुसार, कई विपक्षी दलों के नेता आपस में बातचीत कर रहे हैं। करीब पांच सीनियर लीडर एक नए नोटिस का मसौदा तैयार करने पर काम कर रहे हैं, ताकि हटाने की कार्यवाही शुरू की जा सके। इससे पहले मार्च में विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नोटिस दिया था। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उन्हें हटाने के लिए आवश्यक उच्च संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते।

### उज्जैन में मॉडल हर्षा रिछारिया ने लिया संन्यास

उज्जैन। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, कंटेंट क्रिएटर और मॉडल हर्षा रिछारिया ने रविवार को अक्षय तृतीया पर संन्यास ले लिया। उन्हें उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में पंचायती निरंजनी अखाड़ा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज ने संन्यास दीक्षा दी।

# वर्धा और राजनांदगांव में 45 डिग्री तापमान

### छत्तीसगढ़-ओडिशा-झारखंड में रात में लू का अलर्ट

अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ । देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों और मध्य भारत में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और महाराष्ट्र के वर्धा में तापमान 45°C रिकॉर्ड हुआ।

शनिवार को देश के 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी का बांदा 44.6, तेलंगाना का आदिलाबाद 44.3, महाराष्ट्र के नागपुर-अमरावती 44.2 और मध्य प्रदेश का रतलाम 44°C भी शामिल रहा। राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के कई शहरों में तापमान 43°C से ज्यादा रहा। यानी मई से पहले ही तापमान में जबरदस्त बढ़ोतरी हो गई है। मौसम विभाग ने आज छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में आज रात को भी लू चलने का अलर्ट जारी किया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



- यहां लगातार तीसरे दिन पारा 40डिग्री सेल्सियस से ज्यादा

### पीएम मोदी ने लोगों संग चखा झालमुड़ी का स्वाद चुनावी रैली के बीच पीएम मोदी का 'बंगाली अंदाज'

# टीएमसी ने बंगाल की बहनों के साथ धोखा किया है : मोदी

दौरा

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । पीएम मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे। झाड़ग्राम में उन्होंने रैली की। इस दौरान रास्ते में वह एक दुकान पर रुके और झालमुड़ी खाई।

झालमुड़ी बनाते हुए दुकानदार ने पूछा कि आप प्याज खाते हैं। पीएम ने जवाब दिया- हां प्याज खाता हूं बस दिमाग नहीं। यह सुनकर दुकानदार हंसने लगा।

पीएम ने दुकानदार से इस मुलाकात का करीब 40 सेकेंड का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। साथ ही कुछ तस्वीरें भी शेयर कीं। पीएम जिस दुकान पर झालमुड़ी खाने गए थे। उस दुकानदार का नाम बिक्रम साव है, वह बिहार का रहने वाला है। अब अपने मां-पिता के साथ बंगाल में रहता है।

>> (शेष पेज 06 पर)



पीएम मोदी पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में एक नमकीन की दुकान पर गए। वहां उन्होंने झालमूड़ी खाई।



दुकानदार ने पूछा- प्याज खाते हैं, मोदी बोले- प्याज खाता हूं, दिमाग नहीं

### टीएमसी ने बंगाल की बहनों के साथ धोखा किया है

पीएम बोले बंगाल की बहनें चाहती थीं कि उनको 33 प्रतिशत आरक्षण मिले। मोदी ने इसके लिए भी प्रयास किया। लेकिन टीएमसी नहीं चाहती थी कि बंगाल की बेटियां ज्यादा संख्या में विधायक सांसद बनें। क्योंकि ये बेटियां इनके जंगलराज को चुनौती दे रही हैं।

पीएम मोदी ने टीएमसी पर जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने और भ्रष्टाचार और जबरन वसूली की व्यवस्था चलाने का आरोप भी लगाया. उन्होंने कहा कि अगर घर बनाना हो तो टीएमसी के गठबंधन पर निर्भर रहना पड़ता है. टीएमसी के सांसदों और विधायकों को आपकी समस्याओं की कोई परवाह नहीं है. वो तो बस अपनी जेबें भरने में व्यस्त हैं

### आरोप : झोलाछाप डाक्टर दे रहा है परिवार को धमकी-‘जो करना है कर लो’

# कमर में इंजेक्शन पैर सुन्न और खत्म हो गई जिंदगी !

- सीएमओ दफ्तर से फाइल गायब, 8 महीने बाद भी आरोपी बेखौफ सिस्टम कटघरे में।

बृजेन्द्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जनपद में एक युवक की संदिग्ध हालात में हुई मौत ने स्वास्थ्य विभाग और पुलिस तंत्र की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला अब सिर्फ कथित इलाज में लापरवाही तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें दबाव, धमकी और सबूतों के गायब होने जैसे आरोप भी जुड़ गए हैं। जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोलपुर निवासी किरन ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनके भाई भारत को 01 मई 2025 को पेट दर्द की शिकायत पर गोलपुर बाजार के एक कथित झोलाछाप डॉक्टर के पास ले जाया गया। आरोप है कि बिना समुचित जांच के कमर में कई इंजेक्शन लगाए गए, जिसके तुरंत बाद युवक के दोनों पैर सुन्न हो गए और हालत तेजी से बिगड़ती चली गई। परिजनों के मुताबिक, स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टर ने अपने खर्चे पर इलाज कराने की बात कही, लेकिन बाद में कोई ठोस इंतजाम नहीं किया।

>> (शेष पेज 06 पर)





पीड़ित परिवार लगातार न्याय की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई न होने से कई सवाल खड़े हो रहे

- क्या एक आम आदमी की जान की कोई कीमत नहीं?
- क्या जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी या मामला फाइलों में ही दबकर रह जाएगा?
- अब निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं- देखना होगा कि इस मामले में सख्त कदम उठते हैं या “फाइल गायब” की परतों में सच दबकर रह जाता है।

# 200 फीट गहरी खाई में गिरी बस, दो महिलाओं की हुई मौत

### 31 घायल, कपड़ों से रस्सी बनाकर बाहर निकाला, कंधों पर उठाकर लाए

दुर्घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

अजमेर। अजमेर में सवारियों से भरी बस 200 फीट नीचे खाई में गिर गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। 31 लोग घायल हो गए। पुष्कर जा रही बस में 33 लोग सवार थे। वे पीसांगन (अजमेर) में मायरा भरने जा रहे थे। इस दौरान पुष्कर घाटी में बस बेकाबू हो गई। हादसा पुष्कर से करीब 3 किलोमीटर पहले रविवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। मौके से गुजर रहे लोगों ने कपड़ों से रस्सी बनाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला।

>> (शेष 06 पर)





### फिटनेस और इंश्योरेंस, दोनों खत्म

ऑनलाइन RC (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) देखने पर सामने आया कि मिनी बस (RJ19PA9932) का फिटनेस और इंश्योरेंस, दोनों खत्म हो गए थे। बस का इंश्योरेंस 6 अगस्त 2025 जबकि फिटनेस 31 मार्च 2026 को खत्म हो चुका था।

### 200 फीट नीचे पेड़ और झाड़ियों में फंसी बस

सीओ ग्रामीण रामचंद्र चौधरी ने बताया- अजमेर से पुष्कर की ओर जाते समय सांझीसर से थोड़ा आगे यह हादसा हुआ है। बस अचानक मेन रोड से खाई में उतर गई। करीब 200 फीट नीचे आकर पेड़ और झाड़ियों में फंस गई।

C M Y K

## कनेक्शन कटने से पहले आएंगे 5 मैसेज, लखनऊ समेत प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर पर लगी रोक

# बैलेंस खत्म होने पर 3 दिन तक नहीं कटेगी बिजली

**राहत**

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। बिजली के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को राहत दी गई है। अब बैलेंस खत्म होने के बाद अधिकतम 3 दिन या 200 तक (2 किलोवाट लोड तक) बिजली सप्लाई जारी रहेगी। उपभोक्ताओं को समय रहते जानकारी देने के लिए 5-स्तरीय SMS अलर्ट सिस्टम लागू किया जाएगा।

इसमें बैलेंस 30 फीसदी होने पर पहला, 10 फीसदी पर दूसरा, बैलेंस खत्म होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पहले चौथा और कनेक्शन कटने के बाद पांचवां मैसेज भेजा जाएगा। रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में किसी भी हालत में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, भले ही बैलेंस खत्म हो जाए।

दरअसल, बैलेंस खत्म होते ही स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं की बिजली कट जा रही थी। इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही थी। इसके विरोध में जगह-जगह प्रदर्शन हो रहा था।

मंत्री ने कहा कि स्मार्ट या प्रीपेड मीटर में जो टेक्निकल खामियां है। इसके बारे में जन प्रतिनिधियों ने भी जानकारी दी है। उसमें आईआईटी कानपुर के दो प्रोफेसर हैं। इसके साथ ही अन्य विशेषज्ञ हैं। यह रिपोर्ट आने तक पूरी प्रक्रिया पर रोक रहेगी।



स्मार्ट मीटर में आ रही समस्याओं के बारे में ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को बताया है।

### 12 लाख लोगों का कटा कनेक्शन

प्रदेश में 82 लाख मीटर लग चुके हैं। इसमें से 70 लाख लोगों ने पेमेंट किया है। 12 लाख लोगों के कनेक्शन बिल नहीं जमा करने के कारण कटे हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर नई तकनीक है। इसमें कोई समस्या नहीं होगी। स्मार्ट मीटर लगने पर एक महीने तक अगर बैलेंस निगेटिव में जाता है तो भी कनेक्शन न काटे जाएं।

> शक्ति भवन में रविवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है। जिन घरों में स्मार्ट मीटर हाल ही में लगाए गए हैं, वहां करीब 15 दिन की कन्वर्जन टाइम और उसके बाद 30 दिन, यानी कुल 45 दिन तक बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।

# भीषण गर्मी की शुरुआत, पारा 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

## बिना जरूरत घर से बाहर न निकलने की सलाह, पानी और ओआरएस साथ रखें

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ में भीषण गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। इस सीजन में अब तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान भी अपने अधिकतम स्तर 24 डिग्री दर्ज हुआ। इससे रात में खूब गर्मी महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार, आज यानी रविवार का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पार हो जाएगा।

सुबह से ही तेज धूप निकली हुई है। पछुआ हवा भी 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है। इससे पारा अभी और बढ़ेगा। दिन में तेज धूप के साथ हवा चलती रहेगी। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि बिना जरूरी काम के घर के बाहर न निकलें। अपने साथ पानी और ORS लेकर चलें।

मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया जाएगा। दिन के साथ में रात का पारा भी सामान्य से अधिक रहेगा। कल अधिकतम आर्द्रता 50 फीसदी और न्यूनतम 16 फीसदी दर्ज हुई थी। आर्द्रता घटने से मौसम लू चलने की ओर जा रहा है।

लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक तापमान में अभी और बढ़त की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुष्क पछुआ हवा का असर बढ़ने और महाराष्ट्र श्रेत्र में प्रति चक्रवात के असर से पारा में बढ़त की संभावना बनी हुई है।

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हवाओं की दिशा बदलेगी और आसमान में आंशिक रूप से बादल छा सकते हैं। इससे बढ़ते तापमान पर थोड़ा ब्रेक लगेगा। फिलहाल, बारिश होने की कोई संभावना नहीं है, केवल गर्मी के तेवर थोड़े नरम पड़ सकते हैं।

मौसम विभाग के ताजा दीर्घकालिक पूर्वानुमान के मुताबिक, साल 2026 में उत्तर प्रदेश में मानसून सामान्य से कमजोर रह सकता है।

# 'रमेश जैन पत्रकार योद्धा ही नहीं मित्रों के मित्र भी थे'

## समाज को जोड़ने वाली धार्मिक शख्सियत थे रमेश जैन : शुभचिंतक





तमसा संकेत, संवाददाता

बड़ौत (बागपत)। यू पी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री रहे जुझारू पत्रकार स्वर्गीय रमेश चंद्र जैन को उनके शुभचिंतकों ने केवल पत्रकार ही नहीं समाज को जोड़ने वाला धार्मिक शख्सियत भी बताया। कहा कि रमेश जैन पत्रकार योद्धा ही नहीं मित्रों के मित्र भी थे। कार्यक्रम में ही महाराष्ट्र के जैन मुनि गणधर आचार्य कुंडू महाराज ने फोन पर परिवार को इस दुख को सहन करने एवं परिवार को अपना आशीर्वाद भी दिया। कौशल भवन, बड़ौत में हुई श्रद्धांजलि सभा में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री के पी मालिक, प्रदेश में पूर्व मंत्री रहे साहब सिंह, बीजेपी नगर अध्यक्ष नीरज शर्मा, जैन समाज के प्रधान मुकेश कुमार जैन, भीम सेन जैन, प्रवीण कुमार जैन, अनिल कुमार जैन, धर्मेंद्र जैन, सुधीर मान, रमेश तोमर प्रधान, अमित शर्मा एडवोकेट, योगेश जिंदल उद्यमी, गौरव, वैभव आशु, आशीष, श्रीमती आरजू, डॉली, सपना जैन, रिद्धि, मुस्कान एवं आरना जैन आदि ने रमेश चंद्र जैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं शब्दों में अपने विचार व्यक्त किए। कहा गया कि जैन समाज एवं उसकी इकाई में पदाधिकारी चुन कर रमेश चंद्र जैन ने समाज के शिक्षण संस्था एवं मंदिर में भी अपना काफी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनकी स्वर्गीय पत्नी ने भी अपने जीवनकाल में बड़ौत के जैन मंदिर में सोने की मूर्ति भेट की थी।

## पटेल प्रतिमा पर गूंजी हजारों की आवाज-कड़े कानून की उठी मांग

# 'लव जिहाद' के खिलाफ महापंचायत का महाजुटान

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के व्यस्ततम और प्रतिष्ठित क्षेत्र हजरतगंज स्थित पटेल प्रतिमा पर आज एक अभूतपूर्व जनसमूह देखने को मिला, जब हिन्दू बेटी बचाओ संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में "एक युद्ध – लव जिहाद के विरुद्ध" महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने इसे एक बड़े सामाजिक आयोजन का रूप दे दिया। चारों ओर जागरूकता के संदेश, बैनर और शांतिपूर्ण नारों के बीच यह कार्यक्रम अनुशासन और संयम के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था।



धीरे-धीरे यह संख्या हजारों में बदल गई, जिसमें युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। यह महापंचायत केवल एक विरोध या प्रदर्शन नहीं, बल्कि सामाजिक चिंतन और जागरूकता का मंच बनकर उभरी, जहां लोगों ने एकजुट होकर अपनी बात रखी। मोर्चा द्वारा कार्यक्रम संयोजक अनुराग शुक्ला जी के नेतृत्व में अपनी मांगों से संबंधित माननीय मुख्यमंत्री जी को संबोधित एक ज्ञापन भी प्रेषित किया गया।

इस दौरान महापंचायत में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की प्रमुख मांग रखी गई, जिससे इस प्रकार के मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, सख्त और प्रभावी कानून लागू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। अनुराग शुक्ला ने सुझाव दिया कि विवाह जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों में माता-पिता की सहमति को भी एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में देखा जाना चाहिए, जिससे सामाजिक संतुलन और पारिवारिक संरचना को मजबूती मिल सके। कार्यक्रम की एक विशेषता यह रही कि इसमें विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



- महापंचायत के दौरान अन्य प्रमुख वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।
- विजय बहादुर सिंह ने कहा कि समाज को इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए एकजुट रहना होगा, तभी सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

### समाज की बेटियों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता

महापंचायत के प्रांत कार्यक्रम संयोजक अनुराग शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की बेटियों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि ऐसे मामलों में सकारात्मक और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि समाज में विश्वास और सुरक्षा का वातावरण मजबूत हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में ठोस और व्यवस्थित नीति बनाना अत्यंत आवश्यक है।

### लखनऊ में मांझे से बुजुर्ग का गला कटा

लखनऊ। लखनऊ के हैदरगंज-बाजार खाला मार्ग पर रविवार को चाइनीज मांझे से बुजुर्ग का गला कट गया। गनीमत रही कि हेलमेट की बेल्ट होने से बड़ा हादसा टल गया। उनकी पहचान हरिशंकर यादव (62) के रूप में हुई है। वह पारा के रहने वाले हैं। ऐशबाग में अपनी बहन से मिलने आए थे। वह प्राइवेट सिक्योरिटी कंपनी में काम करते हैं। हरिशंकर ने बताया कि वह दोपहर के समय बाइक से जा रहे थे, तभी अचानक उनकी गर्दन पर तेज दर्द महसूस हुआ। कुछ समझ पाते उससे पहले ही मांझे ने गले को काट दिया।

अगर उन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता तो जान भी जा सकती थी। हेलमेट की बेल्ट ने मांझे को पूरी तरह गले तक पहुंचने से रोका और बड़ा हादसा टल गया। कांच लेपित चाइनीज मांझे पर साल 2017 से प्रतिबंध लगा हुआ है, लेकिन इसके बावजूद शहर में इसकी बिक्री और इस्तेमाल धड़ल्ले से जारी है। यह मांझा न सिर्फ इंसानों बल्कि पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है।

# 'लोकसभा में बिल का गिरना लोकतंत्र की जीत'

## अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं

तमसा संकेत, संवाददाता





लखनऊ। अखिलेश यादव ने परिसीमन बिल को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में बिल का पास न होना भाजपा सरकार की "बदनीयती की हार" है और यह लोकतंत्र की जीत का प्रतीक है। उनका कहना था कि सरकार जनता की वास्तविक इच्छा का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही, बल्कि विपक्ष ही लोगों की आवाज बनकर सामने आ रहा है। सपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की राजनीति का आधार समाज में दरार पैदा करना है। उन्होंने कहा कि लोगों को बांटकर अविश्वास फैलाना भाजपा की रणनीति रही है, लेकिन अब यह तरीका ज्यादा दिन तक नहीं चलेगा। सपा प्रमुख ने भाजपा पर "CMF (Create, Mistrust and Fear)" यानी भ्रम, अविश्वास और भय फैलाने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह फार्मूला अब पूरी तरह से विफल हो चुका है और जनता इसे समझ चुकी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने फतेहपुर के चाय विक्रेता आर्यन यादव का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने दुकान को मनमाने तरीके से सील किया और दुकानदार के साथ मारपीट की गई। अखिलेश यादव ने आर्यन को तांबे के बर्तनों का सेट भेंट करते हुए मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

### महिला आरक्षण पर सपा का रुख साफ

अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन इसे जल्दबाजी में लाने का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि बिना जातीय जनगणना के महिला आरक्षण का लाभ सही तरीके से नहीं मिल पाएगा। उनके मुताबिक, "जब गिनती ही सही नहीं होगी, तो आरक्षण का लाभ कैसे सही तरीके से मिलेगा?" उन्होंने मांग की कि पिछड़ी और अल्पसंख्यक महिलाओं को भी आरक्षण में हिस्सेदारी दी जानी चाहिए।

- महिला आरक्षण पर सपा का समर्थन, लेकिन जातीय जनगणना के बिना बताया अधूरा भाजपा पर समाज में दरार डालने का आरोप

**परिसीमन बिल पर सियासी संग्राम**

### महिलाओं के मुद्दों पर सरकार घिरी

अखिलेश यादव ने कहा कि आज महिलाएं स्वास्थ्य और शिक्षा में भ्रष्टाचार से परेशान हैं और उन्हें सम्मानजनक माहौल नहीं मिल रहा। उन्होंने भाजपा पर महिलाओं के प्रति "पुरानी सामंती सोच" रखने का आरोप लगाया और कहा कि यह सोच उनकी स्वतंत्रता और अधिकारों को सीमित करती है।

# पसमांदा मुस्लिम समाज 2027 की तैयारी में जुटा

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । लखनऊ प्रेस क्लब में पसमांदा मुस्लिम महज ने बैठक की। इस बैठक में प्रदेश भर से संगठन से जुड़े पदाधिकारी और सदस्यों ने प्रेसवार्ता की। इसमें संगठन के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, उपाध्यक्ष वसीम राईन मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में पसमांदा मुसलमानों के अधिकारों को लेकर लंबी चर्चा हुई। वसीम राईन ने कहा कि जो भी पसमांदा समाज को हिस्सेदारी देगा उसे समर्थन किया जाएगा। उपाध्यक्ष वसीम ने कहा कि हम लगातार लोकसभा विधानसभा में हिस्सेदारी की मांग कर रहे हैं। पूरे भारत में पसमांदा मुस्लिम की बड़ी आबादी है। फिर भी हमारे लोगों को आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी नहीं मिल रही है। समाज की स्थिति बेहद दयनीय है। विकास से कोसों दूर है, आर्थिक रूप से और शिक्षा के मैदान में हर तरीके से पसमांदा है। योजनाबद्ध तरीके से समाज को शिक्षा और विकास से दूर रखा गया। बहुत सारे लोगों ने जानबूझकर पसमांदा समाज को राजनीति से और विकास से दूर रखा।

वसीम बोले चुनाव के समय वोट मांगने सब आते हैं उसके बाद भूल जाते हैं। सभी सियासी पार्टियों ने हमें पीछे रखा। सपा , कांग्रेस, बसपा सबने बेवकूफ बनाने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा कोशिश किया कि पसमांदा को हक मिले।

- उपाध्यक्ष वसीम बोले- सपा और कांग्रेस ने मुसलमानों को बेवकूफ बनाया

## चर्चा : सपा के पास पाप धुलने का मौका था, आधी आबादी माफ नहीं करेगी

# लोकसभा में द्रौपदी के चीरहरण जैसा बर्ताव हुआ : सीएम योगी

- योगी ने कहा- नारी शक्ति के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का पहला प्रस्ताव पारित किया। डबल इंजन सरकार ने बेटी के पैदा होने से उसकी पढ़ाई तक की व्यवस्था की है। 26 लाख बेटियों को लाभ मिला है।

हेमन्त कृष्ण



तमसा संकेत, लखनऊ। सीएम योगी ने रविवार को भाजपा और सहयोगी दलों के साथ लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान संसद में महिला आरक्षण बिल को लेकर सपा-कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। योगी ने कहा- संसद में महिला सांसदों की संख्या 78 है। पीएम मोदी इसे बढ़ाना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस-सपा बैरियर बने। सपा के पास गेस्ट हाउस कांड के पाप धोने का मौका था। ये चाहते हैं कि सब कुछ उनके परिवार को मिले। किसी अन्य नारी को न मिले, इसलिए बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा- 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम मंजूर हुआ था। 2029 से इसे लागू करने के लिए नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल लाया गया। विशेष सत्र बुलाया गया। पीएम मोदी ने कहा था कि किसी का हक नहीं छीना जाएगा। लोकसभा और विधानसभा में सीट बढ़ाएंगे। पीएम ने दक्षिण के राज्यों को आश्वासन दिया कि उनका हक कम नहीं होगा। पूरा सदन एकजुट होकर नारी शक्ति को 2029 से उनका अधिकार दे दे, लेकिन सदन में इंडी गठबंधन का जो व्यवहार था, यह द्रौपदी के चीरहरण जैसा था।

### विपक्ष के नारी विरोधी आचरण के कारण आक्रोश

योगी ने कहा- नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल के दौरान इंडी गठबंधन के दलों का जो आचरण रहा है, वह पूरे देश ने देखा है। मोदी ने देश की सत्ता संभालते ही कहा था कि देश के अंदर चार ही जाति हैं- नारी, गरीब, युवा और किसान।

जिन लोगों ने भारत को कमजोर करने की नीयत से अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए देश को लूटा है, उनके लिए यह चुनौती थी। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने हर प्रगतिशील कदम का विरोध किया। आधी आबादी के मन में विपक्ष के नारी विरोधी आचरण के कारण भारी आक्रोश है।

### सपा ने मुस्लिम महिलाओं के आरक्षण की बात की

योगी ने कहा- इंडी गठबंधन षड्यंत्र करता है। यदि बिल पास होता तो नारी शक्ति को अधिकार मिलता। सपा ने मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की बात की। सपा वाले संविधान की दुहाई देते हैं, लेकिन बाबा साहब ने धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था।

उन्होंने कहा था कि भारत बार-बार विभाजन नहीं झेल सकता है, लेकिन सपा ने मुस्लिम महिलाओं के आरक्षण की मांग की। सपा वाले तब कहां थे, जब कांग्रेस ने शाह बानो केस में मुस्लिम महिलाओं का हक मारा था, तीन तलाक कानून का भी इंडी गठबंधन ने विरोध किया था। ये उनके दोहरे आचरण को दिखाता है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन को देश में सबसे अधिक समय तक शासन करने का मौका मिला, लेकिन इन्होंने नारी, किसान, युवा और गरीब के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

## लखनऊ में शुभांशु ने खोले अंतरिक्ष यात्रा के राज

# 'मेरी लंबाई 5 सेमी बढ़ी, सिर में सूजन हुई थी वहां लकड़ी भी हीरा'

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । इंडियन एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन और एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा का एक और राज खोला है। उन्होंने उस दौरान अपने शरीर में हुए बदलावों के बारे में बताया है। कहा कि वहां उनकी 5 सेमी बढ़ी थी और सिर में सूजन हो गई थी। उन्होंने गुरुवार को लखनऊ में एनबीआरआई में आयोजित ग्रीष्मकालीन पादप विज्ञान महोत्सव में यह बताया।

शुभांशु ने कहा- अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण बल नहीं था। इस कारण हार्ट खून को ऊपर की तरफ पंप कर रहा था। इससे खून सिर की तरफ आकर एकत्र हो रहा था, जिससे सिर में सूजन बढ़ती जा रही थी।। हार्ट सिकुड़ रहा था, मसल्स मास कम हो रहा था। इतना ही नहीं, उनकी लंबाई भी 5 सेंटीमीटर तक बढ़ गई थी। धरती पर लौटने के 15 दिन बाद मेरा शरीर सामान्य हुआ।

इस दौरान शुभांशु ने कहा कि स्पेस साइंस के क्षेत्र में भारत तेजी से नई ऊंचाइयों को छू रहा है और दुनिया की अपेक्षाओं से भी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही देश का अपना स्पेस स्टेशन भी अंतरिक्ष में स्थापित होगा।

### पृथ्वी पर बोले- यह अनमोल, लकड़ी भी हीरे जैसी

शुभांशु शुक्ला ने कहा कि पृथ्वी को अंतरिक्ष से देखने पर बेहद खूबसूरत लगती है। यहां जो कुछ भी है वह अनमोल ही नहीं बल्कि अत्यंत दुर्लभ है। इसीलिए पृथ्वी पूरे ब्रह्मांड में सबसे अनमोल है। यहां मिलने वाली लकड़ी पूरे अंतरिक्ष में कहीं और नहीं मिलेगी। वह यहीं मिलेगी यानी की लकड़ी भी दूसरे ग्रहों के लिए हीरे जितनी अनमोल है। पृथ्वी की सुंदरता और उस पर जीवन की बहुमूल्यता के लिए इसे संरक्षित करना बहुत जरूरी है, यहां बढ़ रहे प्रदूषण को रोकना जरूरी है। यह तभी संभव है जब इसके लिए वैश्विक दृष्टिकोण अपनाया जाए।

# दोपहर में बाहर निकलने से बचने की सलाह, सावधानी बरतने पर जोर
# हीट वेव को लेकर अलर्ट

गर्मी के दौरान शरीर में पानी की कमी न हो, इसके लिए बार-बार पानी पीने को कहा गया है। नींबू पानी, शिकंजी और नारियल पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन लाभदायक बताया गया है। यात्रा के दौरान अपने साथ पानी रखना जरूरी बताया गया है।

**सतर्कता**
- पानी और तरल पदार्थ का सेवन बढ़ाएं
- बच्चों और बुजुर्गों का रखें विशेष ध्यान
- खानपान में बरतें सावधानी
- लक्षण दिखने पर तुरंत उपचार



बृजेंद्र वीर सिंह

■ एडवाइजरी में बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की खास देखभाल पर जोर दिया गया है। घर और कार्यस्थल पर सीधी धूप से बचाव के लिए पर्दों की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जिले में बढ़ती गर्मी और हीट वेव के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु ने आम लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लू से बचाव के लिए जरूरी सावधानियों और परहेज के निर्देश दिए गए हैं।

भारी, बासी और अधिक प्रोटीन वाले भोजन से परहेज करने को कहा गया है। हल्का और संतुलित भोजन करने की सलाह दी गई है। चाय, कॉफी और सॉफ्ट ड्रिंक का अधिक सेवन न करने को भी कहा गया है।

हीट स्ट्रोक या लू के लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल से संपर्क करने को कहा गया है। आपात स्थिति में 108 और 1077 नंबर पर मदद लेने की सलाह दी गई है।

### दोपहर में बाहर जाने से बचें

प्रशासन ने दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचने को कहा है। इस दौरान तापमान अधिक रहता है, जिससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। नंगे पैर या कम कपड़ों में बाहर निकलने से भी बचने की सलाह दी गई है।

### धूप में निकलते समय रखें खास ध्यान

एडवाइजरी के अनुसार, घर से बाहर निकलते समय शरीर को पूरी तरह ढककर रखें। हल्के रंग के ढीले और आरामदायक कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। धूप में जाते समय टोपी, गमछा, चश्मा या छाता का उपयोग जरूरी बताया गया है।

# कटका थाना का औचक निरीक्षण व्यवस्थाओं की हुई गहन जांच

## अम्बेडकरनगर में पुलिस कप्तान की सख्ती, लापरवाही पर स्पष्ट संकेत

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले की पुलिस कप्तान प्राची सिंह ने रविवार को थाना कटका का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य पुलिस व्यवस्था को और अधिक सक्रिय और जवाबदेह बनाना रहा।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय, बंदीगृह और महिला हेल्प डेस्क सहित विभिन्न शाखाओं की स्थिति देखी गई। अभिलेखों का सूक्ष्म अवलोकन किया गया और उनके रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया गया। रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित रखने और कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

थाना परिसर में साफ-सफाई की




स्थिति की भी समीक्षा की गई। कप्तान ने साफ निर्देश दिया कि परिसर स्वच्छ और व्यवस्थित रहना चाहिए। साथ ही, लंबित मामलों के जल्द निस्तारण पर जोर दिया गया, ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। महिला संबंधित मामलों को लेकर विशेष निर्देश जारी किए गए। हर शिकायत पर त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय रखते हुए पीड़ितों को समय पर सहायता देने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने और जनता के प्रति जवाबदेही बढ़ाने के निर्देश दिए गए। लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं होगी, यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया।

अचानक हुए निरीक्षण से थाना स्तर पर सतर्कता बढ़ी है। पुलिस कर्मियों में अनुशासन और जिम्मेदारी को लेकर नई जागरूकता देखने को मिली। यह कदम जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

**फास्ट न्यूज**

### अक्षय तृतीया पर सतर्कता दिवस

अम्बेडकरनगर। अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया गया। यह पहल जन विकास संस्थान ने जिला प्रशासन के सहयोग से की। कार्यक्रम में बाल विवाह निषेध अधिकारी और आशा यूनिटों ने भाग लिया और बाल विवाह रोकने का संकल्प दोहराया। जन विकास संस्थान जिले में पंचायतों, स्कूलों और स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर लगातार अभियान चला रहा है।

### अकबरपुर बसखारी मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, दो की मौत

अम्बेडकरनगर। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के पलई पेट्रोल पंप के पास अकबरपुर–बसखारी मार्ग पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां ऑटो और बाइक की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पलई रामनगर के पास अचानक ऑटो और बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन सड़क पर पलट गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े।

### नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में मनोनीत सभासदों ने ली शपथ

बसखारी । शनिवार को नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के कार्यालय सभागार में मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने की। उप जिलाधिकारी डॉ. शशि शेखर ने शासन द्वारा नामित सभासद सोनी जायसवाल, चंद्रेश निषाद और राम तीरथ गौतम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# मॉडिफाइड साइलेंसर पर सख्ती, 45 वाहनों की जांच

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद खंडपीठ लखनऊ के आदेशों के अनुपालन में जिले में मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। आदेश के तहत विशेष रूप से बुलेट मोटरसाइकिल में परिवर्तित साइलेंसर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

नियमों के अनुसार किसी भी मोटर वाहन में 80 डेसीबल से अधिक ध्वनि निकालने वाले साइलेंसर को अवैध माना गया है। ऐसे साइलेंसर पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 और संबंधित पर्यावरण नियमों के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। इसमें जुर्माना, लाइसेंस निलंबन और अन्य दंड शामिल हैं।

शनिवार को एआरटीओ और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। इस दौरान 45 दुपहिया वाहनों की जांच की गई।

■ न्यायालय के आदेश के तहत एआरटीओ और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई तेज

कई वाहनों में नियम विरुद्ध साइलेंसर मिलने पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। अभियान के दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट उल्लंघन के मामलों में 21 वाहनों का चालान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा। एआरटीओ की ओर से बताया गया कि 18 अप्रैल 2026 को गैराज संचालकों और बुलेट डीलरों के साथ बैठक की गई।

# नौतरिया बाईपास पर पाइप गोदाम में लगी भीषण आग

## जल जीवन मिशन की पाइपें जलीं, एक घंटे में आग पर काबू

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र के नौतरिया बाईपास के पास रविवार दोपहर बाद एक पाइप गोदाम में भीषण आग लग गई। गोदाम में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए रखी पाइपें संग्रहित थीं। आग लगने से बड़ी मात्रा में पाइप जलकर नष्ट हो गईं। इससे परियोजना के कार्य पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। शुरुआती प्रयासों से आग को फैलने से रोकने की कोशिश की गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार,



गोदाम के पास स्थित नाले में किसी ने झाल फूंका था। इसकी चिंगारी हवा के साथ उड़कर गोदाम तक पहुंची। इसके बाद पाइपों में आग लग गई और तेजी से फैल गई। कुछ ही समय में आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना के बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया। आग की तीव्रता को देखते हुए लगातार पानी की बौछार की गई। घटना की सूचना पर प्रभारी ईओ अकबरपुर और तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और राहत कार्यों का समन्वय किया। आग पर काबू पाने के लिए मौके पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए।

करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस दौरान दमकल टीम को काफी मेहनत करनी पड़ी। समय पर कार्रवाई से आग को आसपास के क्षेत्र में फैलने से रोका गया।

घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, गोदाम में रखी लाखों रुपये की पाइप जलने से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# अक्षय तृतीया पर सतर्कता दिवस, बाल विवाह रोकने का संकल्प

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में बाल विवाह की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया गया। यह पहल जन विकास संस्थान ने जिला प्रशासन के सहयोग से की। कार्यक्रम में बाल विवाह निषेध अधिकारी और आशा यूनिटों ने भाग लिया और बाल विवाह रोकने का संकल्प दोहराया।

जन विकास संस्थान जिले में पंचायतों, स्कूलों और स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर लगातार अभियान चला रहा है। इसके तहत गांवों और स्कूलों में लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए जा रहे हैं। हजारों लोगों को बाल विवाह न करने और रोकने की शपथ दिलाई जा चुकी है।

अक्षय तृतीया जैसे अवसरों को बाल विवाह के लिहाज से संवेदन-शील माना जाता है। इसे देखते हुए प्रशासन और संस्था मिलकर विशेष सतर्कता बरतते हैं। ऐसे दिनों में निगरानी बढ़ाई जाती है और



■ जिला प्रशासन और जन विकास संस्थान की संयुक्त पहल, जागरुकता अभियान तेज

संभावित मामलों को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाती है।

कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत नाबालिगों की शादी दंडनीय अपराध है। इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति पर सजा और जुर्माना दोनों हो सकते हैं। इसमें आयोजन से जुड़े लोग भी जिम्मेदार माने जाते हैं।

संस्थान के निदेशक राजमणि ने बताया कि लगातार चल रहे अभियानों से लोगों में जागरूकता बढ़ी है।

## हकीमपुर गांव में नई शैक्षिक सुविधा, आधारभूत ढांचे को मिली मजबूती
# 1.66 करोड़ की लागत से बने प्राथमिक विद्यालय का लोकार्पण

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने रविवार को तहसील टांडा के हकीमपुर ग्राम में नव निर्मित प्राथमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी टांडा की सामुदायिक विकास पहल के तहत किया गया। भवन का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन और फीता काटकर किया गया। लगभग 166.97 लाख रुपये की लागत से तैयार इस विद्यालय भवन को क्षेत्र की शैक्षिक जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। नए भवन से ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे छात्रों को सुरक्षित और व्यवस्थित



वातावरण में पढ़ाई का अवसर मिलेगा।

नव निर्मित विद्यालय भवन में आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है। इससे हकीमपुर और आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा। स्कूल में कक्षाओं के साथ सुरक्षित परिसर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम में एनटीपीसी टांडा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर जयदेव परिदा, उपजिला-धिकारी टांडा, बेसिक शिक्षा अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को शिक्षा के लिए उपयोगी बताया। इस नए भवन के शुरू होने से क्षेत्र में स्कूलों की स्थिति में सुधार की उम्मीद है। इससे नामांकन बढ़ने और छात्रों की उपस्थिति में भी सकारात्मक असर पड़ सकता है। प्रशासन और संस्था के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र में ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहने की बात कही गई।

### जिलाधिकारी ने बताई संसाधनों की अहमियत

लोकार्पण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बेहतर भौतिक संसाधन जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल भवन, कक्षाओं की व्यवस्था और अन्य सुविधाएं शिक्षा के स्तर को सीधे प्रभावित करती हैं। इस तरह की पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ाई का माहौल बेहतर होता है।

कार्यक्रम में एनटीपीसी टांडा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस तरह के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलती है। सामुदायिक विकास के तहत किए जा रहे कार्य स्थानीय जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित होते हैं।

# जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता भंडारण पर सख्ती

## किसानों को जरूरत के अनुसार खरीद की सलाह

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले में रबी और खरीफ सीजन को देखते हुए उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त बताई गई है। प्रशासन के अनुसार, वर्तमान में सहकारिता और निजी क्षेत्र को मिलाकर यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी और एमओपी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। वितरण के बाद भी सभी प्रमुख उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

जिले में यूरिया करीब 14773 मीट्रिक टन, डीएपी 3829 मीट्रिक टन, एनपीके 3026 मीट्रिक टन, एसएसपी 14099 मीट्रिक टन और एमओपी 144 मीट्रिक टन उपलब्ध है। प्रशासन ने कहा कि किसानों को उर्वरक की कमी नहीं होगी।

किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी फसल और जमीन की



जरूरत के अनुसार ही उर्वरक खरीदें। अनावश्यक खरीद कर घर पर भंडारण न करें। नियमों के उल्लंघन पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन ने बताया कि 1 जून से उर्वरक की बिक्री फार्मर आईडी के माध्यम से की जाएगी। किसानों से जल्द से जल्द अपनी आईडी बनवाने को कहा गया है। उर्वरक केवल पीओएस मशीन के जरिए निर्धारित मूल्य पर मिलेगा।

सभी फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल बोई गई फसल के अनुसार ही उर्वरक वितरित करें। वितरण रजिस्टर में फसल का विवरण दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन और कानूनी कार्रवाई होगी। शनिवार को विभिन्न सहकारी समितियों और निजी दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कुछ स्थानों पर अनियमितताएं सामने आईं। साधन सहकारी समिति अशर-फपुर पचाउख को कारण बताओ नोटिस दिया गया। वहीं अशर-फपुर बरवा और हैदराबाद समितियां बंद मिलने पर भी नोटिस जारी किया गया।

# परशुराम जन्मोत्सव पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर के शास्त्री नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में हुआ। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी ने की, जबकि संचालन महासचिव वागीश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद मंच पर मौजूद वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

सम्मेलन में वक्ताओं ने कई सामाजिक और नीतिगत विषयों पर चर्चा की। परशुराम जयंती पर अवकाश को लेकर भी मुद्दा उठाया




गया। इसके साथ ही स्वर्ण रक्षा आयोग के गठन की मांग रखी गई। वक्ताओं ने कहा कि विभिन्न वर्गों से जुड़े मुद्दों पर विचार के लिए ठोस व्यवस्था जरूरी है।

कुछ वक्ताओं ने समाज और धार्मिक विषयों पर हो रही टिप्पणियों को लेकर भी चिंता जताई। ऐसे मामलों पर नियंत्रण की आवश्यकता बताई गई। साथ ही समाज में संतुलन बनाए रखने और आपसी सहयोग पर जोर दिया गया।

सम्मेलन में उपस्थित लोगों ने कहा कि उठाए गए मुद्दों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। विभिन्न विषयों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत बताई गई।

**सुविधा : जिले के 73 क्रय केंद्रों पर तेज किया गया पंजीकरण कार्य**

# गेहूं खरीद केंद्रों पर फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। गेहूं खरीद प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए जिले के क्रय केंद्रों पर फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए शिविर शुरू कर दिए गए हैं। कृषि विभाग ने सभी 73 गेहूं क्रय केंद्रों पर एक-एक कर्मचारी की तैनाती की है, ताकि किसानों का पंजीकरण समय पर पूरा कराया जा सके।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य 3,42,858 रखा गया था, जबकि अब तक इससे अधिक 3,71,131 किसानों का पंजीकरण पूरा किया जा चुका है। इससे व्यवस्था को मजबूत करने में



मदद मिली है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोरखनाथ त्रिपाठी ने बताया कि जिन गांवों में चकबंदी और सर्वे का कार्य चल रहा है, वहां पूर्व व्यवस्था के आधार पर खरीद की अनुमति दी गई है। ऐसे क्षेत्रों में किसानों को अस्थायी प्रक्रिया के तहत गेहूं बिक्री की सुविधा दी जा रही है।

फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए तहसील स्तर पर केंद्र प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे कर्मचारी अनुपस्थिति में भी पंजीकरण कार्य प्रभावित नहीं होगा।

खरीद प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही तौल

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पंजीकरण और सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही गेहूं की खरीद और तौल की जाएगी। सभी क्रय केंद्रों पर निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।

अधिकारियों के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री का कार्य 30 अप्रैल तक जारी रहेगा। जिले में निर्धारित लक्ष्य के तहत लाखों किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है। सभी गाटों का विवरण दर्ज करना अनिवार्य किया गया है।

### केंद्रों पर तत्काल रजिस्ट्री की सुविधा

किसानों को सुविधा देने के लिए हर क्रय केंद्र पर फार्मर रजिस्ट्री की व्यवस्था की गई है। किसान अपने दस्तावेज जैसे खतौनी, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर उपलब्ध कराकर पंजीकरण करा सकते हैं। विभाग ने इसे अनिवार्य प्रक्रिया बताया है।

उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि अब बिना फार्मर रजिस्ट्री के गेहूं की खरीद नहीं होगी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि पर भी रोक लग सकती है। इसलिए सभी किसानों से जल्द पंजीकरण कराने की अपील की गई है।

# विवेक मौर्य की पहल, अकबरपुर में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भाजपा नेता और नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने अकबरपुर में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की पहल की है। उन्होंने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में मांग रखी। प्रस्तावित योजना के तहत करीब 5.50 करोड़ रुपये की लागत से चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा।

विवेक मौर्य ने मुलाकात के दौरान कहा कि जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। ऐसे में चार्जिंग स्टेशन की जरूरत महसूस की जा रही है। उन्होंने अकबरपुर को इस सुविधा से जोड़ने की मांग रखी, ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके।

परिवहन मंत्री ने इस मांग पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार जरूरी है। अकबरपुर में इस योजना के लिए



■ परिवहन मंत्री से मुलाकात के बाद 5.50 करोड़ की योजना को मिला भरोसा

जल्द प्रक्रिया शुरू कराने का भरोसा दिया गया। विवेक मौर्य ने अकबरपुर में नए बस अड्डे के निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपये की मंजूरी पर भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना लंबे समय से लंबित थी। इसके पूरा होने से परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा। विवेक मौर्य लगातार क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर सक्रिय दिख रहे हैं। चार्जिंग स्टेशन की मांग को भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सम्पादकीय

## कभी ईरान अपनी जिद पर अड़ता है तो कभी अमेरिका



ईरान के विदेश मंत्री की ओर से होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने की घोषणा को 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि ईरानी सेना ने उस पर फिर से अपना पहरा बैठाने का फैसला कर लिया। उसने इस कारण होर्मुज को फिर से बंद करने का फैसला किया, क्योंकि अमेरिका ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी जारी रखने पर अड़ा है। साफ है कि पश्चिम एशिया संकट के मामले में कभी ईरान अपनी जिद पर अड़ता है तो कभी अमेरिका।

जब युद्धविराम की शर्तों के तहत होर्मुज खोलने पर सहमति बन गई थी और उसका दायरा लेबनान तक प्रभावी हो जाने के बाद ईरान ने इस समुद्री मार्ग को पूरी तरह खोलने की घोषणा कर दी थी तो फिर अमेरिका को भी ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी करने के अपने फैसले से पीछे हट जाना चाहिए था। तब तो और भी, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के फैसले का स्वागत किया और दोनों देश दूसरे दौर की शांति वार्ता करने की संभावनाएं भी टटोल रहे हैं।

यह अमेरिका और ईरान के साथ पश्चिम एशिया के लिए ही आवश्यक नहीं है कि दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम को स्थायी रूप दिया जाए, बल्कि विश्व समुदाय के लिए भी आवश्यक है, क्योंकि होर्मुज के बाधित होने के कारण विश्व भर में ऊर्जा संकट गहरा रहा है। वैसे तो इस समुद्री मार्ग के बाधित होने से सबसे अधिक भारत और अन्य एशियाई देश प्रभावित होते हैं, लेकिन इस मार्ग से तेल और गैस की आपूर्ति में कमी आने के नतीजे में उनके दाम बढ़ने का असर पूरे विश्व पर पड़ता है। यह ठीक है कि अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने की अनुमति एक माह के लिए और बढ़ा दी, लेकिन आखिर वह यह तय करने वाला होता कौन है कि किस देश से तेल-गैस खरीदा जा सकता है? अमेरिका अपने स्वार्थों के चलते किसी न किसी ऊर्जा संपन्न देश पर प्रतिबंध लगाता ही रहता है। ईरान, वेनेजुएला और रूस इसके उदाहरण हैं। इसके दुष्परिणाम संबंधित देश के साथ अन्य देश भी भोगते हैं। अमेरिका यह जो मनमानी करता है, उसे चुनौती दी जानी आवश्यक है। यह अच्छा है कि भारत रूस से तेल खरीद मामले में अमेरिका के रवैये की परवाह नहीं कर रहा है। भारत को न केवल अपने ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाने चाहिए, बल्कि खुद को आर्थिक रूप से इतना सक्षम भी बनाना चाहिए कि अमेरिका किसी तरह का अनुचित दबाव न डालने पाए। अमेरिका और ईरान के बीच लागू अस्थायी युद्धविराम की अवधि जैसे-जैसे करीब आ रही है, उसके स्थायी रूप लेने पर वैसे-वैसे संशय बढ़ रहा है। इस नाजुक युद्धविराम को देखते हुए भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए और अधिक सक्रियता दिखानी होगी। उसे न केवल ऊर्जा आयात के नए विकल्प तलाशने होंगे, बल्कि इसके लिए भी उपाय करने होंगे कि आयातित ऊर्जा पर निर्भरता कम कैसे हो।

# अतिक्रमण रोकने में सरकारों की सुस्ती आखिर क्यों

> अतिक्रमण हटाने में सुस्ती का एक और कारण है न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति। कई मामलों में अतिक्रमण करने वाले लोग अदालतों का सहारा लेते हैं और स्थगन आदेश प्राप्त कर लेते हैं।



भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक गतिविधियों के विस्तार के साथ-साथ एक गंभीर समस्या लगातार गहराती जा रही है, जिसे हम अतिक्रमण के नाम से जानते हैं। अतिक्रमण केवल जमीन पर अवैध कब्जा नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक संसाधनों, सड़कों, फुटपाथों, जल निकायों और सरकारी भूमि के अनियंत्रित उपयोग का प्रतीक बन चुका है। यह समस्या केवल सौंदर्य और व्यवस्था को प्रभावित नहीं करती, बल्कि इससे यातायात, पर्यावरण, सार्वजनिक सुरक्षा और सामाजिक न्याय पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि अतिक्रमण की समस्या सबको दिखाई देती है, फिर भी सरकारों और प्रशासन की प्रतिक्रिया अक्सर धीमी, असंगत और अस्थायी होती है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर अतिक्रमण रोकने में सरकारों की सुस्ती क्यों बनी रहती है। भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विभिन्न समयों पर जारी रिपोर्टों और कार्यक्रमों के संदर्भ में यह तथ्य सामने आता है कि देश की शहरी आबादी लगातार बढ़ रही है और 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की लगभग 31 प्रतिशत जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में निवास करती थी, जो कि 2021 के अनुमानों में 35 प्रतिशत से अधिक मानी जा रही है। शहरीकरण की इस तीव्र गति के साथ यदि नियोजन और भूमि प्रबंधन समान गति से न हो, तो अतिक्रमण की समस्या स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। जब लोगों को वैध आवास, व्यापार या आजीविका के लिए पर्याप्त स्थान नहीं मिलता, तो वे अनौपचारिक रूप से सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करना शुरू कर देते हैं। अतिक्रमण की समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव है। कई बार अतिक्रमण करने वाले लोग स्थानीय स्तर पर एक बड़े मतदाता वर्ग का हिस्सा होते हैं। ऐसे में राजनीतिक दल और जनप्रतिनिधि उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने से बचते हैं, क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक के प्रभावित होने का भय रहता है। यह स्थिति प्रशासन को भी निष्क्रिय बना देती है, क्योंकि प्रशासनिक अधिकारियों पर अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष राजनीतिक दबाव बना रहता है। परिणामस्वरूप अतिक्रमण हटाने के अभियान या तो शुरू ही नहीं होते, या यदि होते भी हैं तो थोड़े समय बाद ठंडे पड़ जाते हैं।

दूसरा प्रमुख कारण है प्रशासनिक तंत्र की जटिलता और समन्वय की कमी। भूमि प्रबंधन, नगर नियोजन, पुलिस, राजस्व विभाग और स्थानीय निकाय—सभी का इस विषय में अलग-अलग दायित्व होता है। लेकिन इन विभागों के बीच समन्वय का अभाव अक्सर कार्रवाई को धीमा कर देता है। उदाहरण के लिए, यदि नगर निगम अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाना चाहता है, तो उसे पुलिस बल की आवश्यकता होती है। यदि पुलिस सहयोग नहीं करती या पर्याप्त बल उपलब्ध नहीं होता, तो कार्रवाई अधूरी रह जाती है। इसी प्रकार, भूमि के स्वामित्व को लेकर विवाद भी कार्रवाई को जटिल बना देते हैं। जब तक मामला न्यायालय में लंबित रहता है, तब तक प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाता। भारत में न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या अत्यधिक है, और विधि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 तक देश में विभिन्न स्तरों की अदालतों में 4 करोड़ से अधिक मामले लंबित थे। ऐसे में अतिक्रमण से जुड़े मामलों का भी वर्षों तक समाधान नहीं हो पाता, जिससे समस्या बनी रहती है।

अतिक्रमण का आर्थिक पहलू भी सरकारों की सुस्ती का एक महत्वपूर्ण कारण है। कई बार अतिक्रमण से अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक गतिविधियाँ जुड़ी होती हैं, जैसे छोटे व्यापारी, ठेला विक्रेता और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक। ये लोग अपनी आजीविका के लिए सार्वजनिक स्थानों का उपयोग करते हैं। यदि प्रशासन अचानक अतिक्रमण हटाता है, तो इन लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित होती है, जिससे सामाजिक असंतोष उत्पन्न हो सकता है। इस कारण सरकारें अक्सर कठोर कार्रवाई से बचती हैं और समस्या को टालने की प्रवृत्ति अपनाती हैं।

भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत यह स्वीकार किया गया है कि शहरी गरीबों के लिए आजीविका के अवसरों की कमी एक बड़ी चुनौती है। जब तक इन लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक अतिक्रमण हटाना स्थायी समाधान नहीं हो सकता। लेकिन दुर्भाग्य से, पुनर्वास और वैकल्पिक व्यवस्था के प्रयास अक्सर अपर्याप्त और धीमे होते हैं, जिससे समस्या जस की तस बनी रहती है।

अतिक्रमण की समस्या में भ्रष्टाचार भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई बार स्थानीय स्तर पर अधिकारी और कर्मचारी अतिक्रमण को नजरअंदाज करते हैं या उससे लाभ उठाते हैं। अवैध कब्जों के बदले में रिश्वत लेना या राजनीतिक संरक्षण देना एक आम शिकायत रही है। पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी इस समस्या को और बढ़ाती है। जब तक प्रशासनिक तंत्र में ईमानदारी और सख्ती नहीं होगी, तब तक अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं है।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी अतिक्रमण एक गंभीर खतरा है। जल निकायों, नदियों और हरित क्षेत्रों पर अतिक्रमण के कारण बाढ़, जलभराव और प्रदूषण की समस्याएँ बढ़ती हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्टों में यह उल्लेख किया गया है कि शहरी जल निकायों के अतिक्रमण और प्रदूषण के कारण जल गुणवत्ता में गिरावट आई है। उदाहरण के लिए, कई शहरों में नालों और झीलों पर अतिक्रमण के कारण वर्षा के समय जल निकासी बाधित हो जाती है, जिससे शहरी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है।

अतिक्रमण रोकने में सुस्ती का एक कारण जन जागरूकता की कमी भी है। जब तक नागरिक स्वयं यह नहीं समझेंगे कि अतिक्रमण उनके ही जीवन को प्रभावित करता है, तब तक इस समस्या का समाधान कठिन है। लोग अक्सर अपनी सुविधा के लिए सार्वजनिक स्थानों का उपयोग करते हैं, लेकिन इसके दीर्घकालिक दुष्परिणामों को नजरअंदाज कर देते हैं। यह मानसिकता भी अतिक्रमण को बढ़ावा देती है।

तकनीकी संसाधनों का अपर्याप्त उपयोग भी इस समस्या को बढ़ाता है। आज के समय में भौगोलिक सूचना प्रणाली, उपग्रह चित्रण और डिजिटल मानचित्रण के माध्यम से भूमि उपयोग की निगरानी की जा सकती है, लेकिन इन तकनीकों का व्यापक और प्रभावी उपयोग अभी भी सीमित है। यदि इनका सही तरीके से उपयोग किया जाए, तो अतिक्रमण की पहचान और रोकथाम अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकती है।

**डॉ शैलेश शुक्ला**

# खतरनाक ढंग से विभाजित होती दुनिया

फिलहाल अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध जारी है। अमेरिका और ईरान, दोनों ने इसका श्रेय पाकिस्तान को दिया। बाद में यह स्पष्ट हुआ कि पाकिस्तान की भूमिका मुख्यतः संदेशवाहक की थी। इस पर भारत की भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई और कुछ हलकों में यह आलोचना सामने आई कि उसकी भूमिका को पर्याप्त मान्यता नहीं मिली। हालांकि पाकिस्तान सुन्नी बहुल है, जबकि ईरान शिया बहुल। इसके बावजूद इस दौरान कुछ देशों ने कहा कि वे स्वयं को शिया या सुन्नी के रूप में नहीं, बल्कि व्यापक रूप से मुसलमान के रूप में देखते हैं और वैश्विक स्तर पर उनके हित परस्पर जुड़े हुए हैं। इसी संदर्भ में कश्मीर में ईरान के समर्थन में धन एकत्र करने की गतिविधियां सामने आईं, जबकि भारत का इस संघर्ष से कोई संबंध नहीं। हाल में सैमुअल पी. हंटिंगटन की पुस्तक 'क्लैश ऑफ सिविलाइजेशन्स' फिर से पढ़ी। वे लिखते हैं, 'सोवियत संघ के विघटन के बाद विश्व एकध्रुवीय हो गया है। आने वाले समय में संघर्ष राष्ट्रों के बीच नहीं, बल्कि सभ्यताओं के बीच होगा। महाशक्तियों के बीच की प्रतिस्पर्धा सभ्यताओं के टकराव के रूप में प्रकट होगी। सभ्यताओं का यह संघर्ष विश्व शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा बन सकता है। यह संघर्ष किसी एक देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि व्यापक स्तर पर फैल सकता है। आज लोग आधुनिक पहचान के साथ-साथ अपनी पारंपरिक पहचान को भी पुनः खोज रहे हैं। इसी कारण वे नई परिस्थितियों के साथ-साथ पुराने द्वंद्वों को भी बनाए हुए हैं और उन्हें भूलने के लिए तैयार नहीं हैं। भविष्य में संघर्ष केवल आर्थिक असमानताओं जैसे-अमीर और गरीब के बीच तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विभिन्न सभ्यताओं के बीच अधिक तीव्र रूप में सामने आएगा।

**क्षमा शर्मा।**

## दोनों सदनों ने इसकी...

राजेश श्रीवास्तव

# प्रधानमंत्री जी कम से कम मातृ शक्ति को तो सियासत का केंद्र न बनाइये

कल जब सदन में महिला आरक्षण संशोधन बिल पास नहीं हो सका तभी से यह उम्मीद लग रही थी कि भाजपा जिस मकसद से इसे लायी थी उसका खुलासा और शुभारंभ कब होगा। और उम्मीद के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्व की भांति रात्रि साढ़े आठ बजे अचानक प्रकट हुए लेकिन इस बार देश की जनता की धड़कने धक-धक नहीं कर रहीं थीं क्योंकि सभी को अंदाजा था कि प्रधानमंत्री मोदी टीवी पर आयेंगे और विपक्षी दलों को कोसेंगे और उन्हें महिलाओं की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार ठहरायेंगे। अब यहीं से भाजपा की महिला आरक्षण बिल पर सियासत शुरू हो गयी। अरे प्रधानमंत्री जी आप ने तब देश की जनता से बात करना उचित नहीं समझा जब आपकी जनता दुनिया के बीच मचे युद्ध को लेकर सशंकित थी, तब भी नहीं समझा जब जनता गैस की लाइनों में लगी थी। आपने तब भी उचित नहीं समझा जब पाकिस्तान ने युद्ध में समझौत कर लिया और आपने तो उस पर भी बात नहीं की कि कैसे ईरान में होर्मुज पार कर रहे दो भारतीय टैंकरों पर गोलीबारी हुई। आपका राष्ट्र प्रेम तब भी नहीं जागा। और जागा तो इस बात के लिए कि महिलाओं को 2011 की जनगणना के मुताबिक आरक्षण नहीं दे सके। आपने वही सब बोला जो आप और आपके नेता सदन में दो दिन बोल चुके हैं। प्रधानमंत्री जी,



आपको बिल लाने की क्या जरूरत है महिलाओं के आरक्षण के लिए आप सबसे बड़ी पार्टी के नेता हैं बढ़-चढ़कर दीजिये महिलाओं को टिकट, महिलाओं को हिस्सेदारी, कैबिनेट समितियों में योगदान, सीबीआई में बढ़ाइये संख्या। इसके लिए बिल की क्या जरूरत है। प्रधानमंत्री जी आपके कार्यकाल में पहली बार कोई बिल गिरा है इसलिए आप भावुक हो गये लेकिन जब मणिपुर में महिलाओं की इज्जत तार-तार हो रही थी तब आपका महिला प्रेम नहीं जागा, जब महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया जा रहा था। आपने कहा कि कहा, 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन नहीं हो पाया। मैं इसके लिए सभी माताओं-बहनों का क्षमाप्रार्थी हूं। हमारे लिए देश हित सर्वोपरि है, लेकिन कुछ लोगों के लिए जब दल हित देश हित से बड़ा हो जाता है तो नारी शक्ति और देश को इसका खामियाजा उठाना पड़ता है।' आपने चार दलों-कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और सपा पर विशेषकर निशाना साधा। इसी के साथ द्रमुक को आड़े हाथ लेते हुए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पश्चिम बंगाल का जिक्र किया। क्योंकि आपको पता है कि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को और बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है। प्रधानमंत्री जी कब तक सियासत होगी, जनता सब जानती है। आपका हर कदम राजनीतिक होता है। माना आप राजनीतिज्ञ हैं तो आपका हर कदम भी सियासत का होगा। लेकिन आप प्रधानमंत्री हैं जनता के प्रति भी आपकी संवेदना होनी चाहिए। जब देश में बड़े मुद्दे आते हैं तब आप खामोश हो जाते हैं और जब सियासत की बारी आती है तो आप मुखर। आपने यह संदेश देने की कोशिश बखूबी की है कि भाजपा तो महिलाओं को जल्द आरक्षण देना चाहती थी, लेकिन विपक्ष की वजह से ऐसा नहीं हो सका। आपको अगर वाकई में सशक्त करना है तो जो मौजूदा 543 सीटें है उसमें से 33 फीसदी सीटें महिलाओं को दे दीजिए। शायद ये तीन दिन का सत्र केवल नैरेटिव बिल्डिंग के लिए ही था। सच में ये बहुत ही दुखद है। बिल 2023 में पास हो चुका था। दोनों सदनों ने इसकी मंजूरी दे दी थी। अगर सरकार वाकई में चाहती थी 2024 में इस पर काम शुरू कर देती। ये बिल बैक डोर से परिसीमन को लागू करने के लिए लाया गया था। डिलिमिटेशन पर अगर आप बिल पास करना चाहते तो पहले आप विपक्ष से चर्चा करते। आपने ऐसा कुछ नहीं किया। मुझे नहीं लगता कि विपक्ष पर महिला विरोधी होने का तमगा चिपकाना सही है, अब जनता जाग गयी है और वह आपके सियासी तीर समझती है। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने 'नारी शक्ति' की जो लकीर खींची है, उसे बीजेपी आज तक नहीं छू पाई है। इंदिरा गांधी वह नेतृत्व थीं, जिन्होंने 1971 में बिना किसी इवेंट मैनेजमेंट के पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए। आज जब मोदी सरकार अमेरिकी दबाव (ट्रम्प शासन) के आगे रणनीतिक स्वायत्तता खोती दिखती है, तो इंदिरा की वह 'शक्ति' याद आती है जिसने दुनिया के नक्शे को बदल दिया था।

## अशोभनीय...

सुनीता नारायण

# संघर्ष के दौर में ऊर्जा



ईरान के खिलाफ विनाशकारी अमेरिका-इजरायल संघर्ष ने दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति को बाधित कर दिया है। अमीर और गरीब दोनों तरह के देशों की सरकारें अपने लोगों को आने वाले भीषण समय के बारे में सचेत कर रही हैं, जैसा इस पीढ़ी ने पहले कभी नहीं देखा। ऊर्जा/ईंधन की अविश्वसनीय कमी, राशनिंग और यहां तक कि कारों और हवाई जहाजों के ईंधन खत्म होने की आशंका। सवाल यह है कि भविष्य का ऊर्जा मानचित्र कैसा दिखेगा? जैसा कि मैं यह पूछ रही हूं, मैं आपसे अनुरोध करूंगी कि उन हत्याओं, हजारों जानों के नुकसान और उस संवेदनहीन विनाश को हल्के में न लें जिसे हम अपनी स्क्रीन पर देखते हैं। इस ऊर्जा व्यवधान द्वारा दुनिया में लाए गए वास्तविक दर्द को भी कम करके न आंकें। कई देश रसोई ईंधन (एलपीजी) की कमी का सामना कर रहे हैं, और परिवार इसे किसी भी कीमत पर हासिल करने के लिए अपनी आय का बड़ा हिस्सा खर्च कर रहे हैं। ज्यादातर देशों में, विशेष रूप से हमारी दुनिया में, ईंधन आयात व्यापार घाटे पर सबसे अधिक भार है और इस स्थिति में, तेल की बढ़ती कीमतों का अर्थव्यवस्थाओं पर अपंग कर देने वाला प्रभाव पड़ता है। वहीं वैश्विक उर्वरक आपूर्ति में आसन्न कमी से किसानों पर भारी मार पड़ने की आशंका है- वे जो पहले से ही जलवायु परिवर्तन से प्रेरित चरम मौसम और विकृत वैश्विक खाद्य कीमतों से जूझ रहे हैं। कुल मिलाकर, दुनिया घुटनों पर है- पसंद से नहीं, बल्कि ईरान के खिलाफ इस संवेदनहीन अमेरिका-इजरायल संघर्ष के प्रति अपनी डरपोक और दयनीय प्रतिक्रिया के कारण। नियम-आधारित व्यवस्था और उसकी सारी नैतिकता तार-तार हो चुकी है। यह हमारे सामने सवाल छोड़ता है कि इस झटके का ऊर्जा पर क्या प्रभाव पड़ेगा? इस अशोभनीय संघर्ष से पहले भी दुनिया ऊर्जा संक्रमण के बीच में थी-बिजली के लिए कोयले को लगातार नवीकरणीय ऊर्जा से बदलना और वाहनों में पेट्रोल और डीजल के उपयोग को विस्थापित करना। अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी की मार्च 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के अंत तक, दुनिया की स्थापित बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी लगभग 50 प्रतिशत थी। दिलचस्प बात यह है कि यह ऊर्जा संक्रमण केवल वहां नहीं हो रहा था जहां उम्मीद की जा सकती थी- जैसे चीन या यूरोप। थिंक टैंक 'एंबर' की एक रिपोर्ट में पाया गया कि 74 सबसे जलवायु-संवेदनशील देश 'इलेक्ट्रो-टेक' को तेजी से अपना रहे थे, इसलिए नहीं कि वे जलवायु परिवर्तन के प्रति चिंतित थे, बल्कि इसलिए कि यह तेज, सस्ता और अधिक विश्वसनीय था। ये देश जीवाश्म ईंधन को छोड़कर सीधे नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ सकते हैं।

## जरा हटके

## लंबे संघर्ष और ...

विवेक रंजन श्रीवास्तव

# महिला आरक्षण की अधूरी यात्रा और लोकतंत्र

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताक़त उसकी विविधता और समावेशिता है। लेकिन जब लोकसभा में ही महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का संविधान संशोधन वर्षों तक पारित नहीं हो सका, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हमारा लोकतंत्र वास्तव में आधी आबादी को बराबरी का अवसर देने की इच्छा रखता है।

विधेयक का महत्व

महिला आरक्षण विधेयक केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं था, बल्कि यह भारतीय राजनीति में समानता और न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम होता। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% सीटें मिलतीं तो उनकी आवाज़ अधिक मज़बूती से गूँजती। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर नीतियाँ अधिक संवेदनशील और व्यावहारिक बनतीं।

आज भी संसद में महिलाओं की संख्या 15% से कम है। यह आँकड़ा बताता है कि लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी कितनी सीमित है। आरक्षण से यह अंतर मिटाने का अवसर मिलता।

असफलता के कारण

विधेयक पारित न हो पाने के पीछे कई कारण रहे जिनमें राजनीतिक असहमति प्रमुख है। कुछ दलों ने जनगणना आधारित सीटों के पुनर्वितरण (परिसीमन) पर आपत्ति जताई। भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष को दो धारी तलवार पर खड़ा कर दिया। उनके लिए संविधान संशोधन



हेतु जरूरी दो-तिहाई बहुमत जुटाना कठिन साबित हुआ। सपा जैसे कुछ दलों को आशंका थी कि आरक्षण से उनके पारंपरिक वोट बैंक प्रभावित होंगे, इसलिए वे विरोध में रहे। इन कारणों ने मिलकर एक ऐतिहासिक अवसर का गर्भपात कर दिया।

2023 का नया अध्याय

लंबे संघर्ष और बहस के बाद 2023 में संसद ने आखिरकार महिला आरक्षण विधेयक पारित कर दिया। इसमें यह प्रावधान है कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% सीटें मिलेंगी, लेकिन यह आरक्षण परिसीमन (delimitation) और जनगणना के बाद ही लागू होगा। इस शर्त ने इसे एक अधूरी जीत बना दिया है, क्योंकि वास्तविक प्रभाव तब तक नहीं दिखेगा जब तक नई जनगणना और सीटों का पुनर्वितरण पूरा नहीं होता।

समकालीन परिप्रेक्ष्य

2024 के आम चुनावों में महिला उम्मीदवारों की संख्या बढ़ी, लेकिन प्रतिनिधित्व अब भी सीमित रहा। महिला संगठनों ने 2023 के विधेयक को ₹ऐतिहासिक लेकिन अधूरा₹ कहा। कई राजनीतिक दलों ने इसे समर्थन दिया, पर साथ ही यह मांग भी उठी कि इसे शीघ्र लागू किया जाए ताकि केवल कागज़ी प्रावधान न रह जाए।

असर और चुनौती

महिला आरक्षण विधेयक का अधूरा रहना और फिर विलंबित रूप से पारित होना कई स्तरों पर असर डालता है। महिला नेतृत्व का अवसर फिलहाल टल गया लगता है। महिला संगठनों और नागरिक समाज में गहरी निराशा है। राजनीतिक दलों पर इसे शीघ्र लागू करने का दबाव बढ़ेगा।

लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक का अधूरा रहना केवल एक विधायी पराजय नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की अधूरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राजनीति व्यापक राष्ट्रहित से बड़ी सिद्ध हुई।

# लोभ से पाप प्रवृत्त होता हैं

लोभ पाप का बाप है जो पल पल में संताप पैदा करता है । लोभ में अशांति, भय व तृष्णा आदि - आदि सब विद्यमान है । ऐसे में संतोष ही एक मात्र सुखी जीवन शैली का एक सशक्त व सुंदर समाधान है । मन में प्रश्न उठा कि पाप का परिणाम तो सदा बुरा है । वह इसका परिणाम कभी इस लोक में नहीं तो परलोक में तो निश्चित ही कभी न कभी यह मिल जाता हैं । फिर भी लोग पाप क्यों करते हैं ? इसलिए जवाब है क्योंकि पाप करते वक्त आदमी मति भ्रमित रहता है कि अप्रमित सुख मिलेगा । ध्यान देने योग्य है कि पाप सुख देगा यह जरूरी नहीं हैं । यह केवल सुख का प्रलोभन ही देता है । और बहुत बार वह सुख मिलता भी नहीं हैं । उसके अनेक कारण यहां-वहां कहीं न कहीं बन जाते हैं। अंत में मृगमरिचिका बन कर तथाकथित सुख रह जाता है जिसने इस तथ्य को समझ लिया उसने बहुत बड़े सत्य को जान लिया। मन की लोभी तृष्णा का कोई अंत नहीं होता हैं । वह जैसे-जैसे हमको सोचा हुआ हाशिल होता है वैसे-वैसे और नयी चाहत हमारी बढ़ने लगती है। वह जिसका जीवन में कभी अंत ही नहीं होता हैं । हमारे जीवन की इस आपा-धापी में जीवन के स्वर्णिम दिन कब बीत जाते हैं उसका हम्हें भान भी नहीं रहता हैं । वह आगे जीवन में कभी सपने अधूरे रह गये तो किसी के मुँह से यही निकलता है कि कास अमुक काम मैं अमुक समय कर लेता ।उनके लिये बस बचता है तो किसी के कास तो किसी के जीवन में अगर आदि - आदि । हमारे को जैसे - जैसे लाभ होता हैं वैसे वैसे लोभ भी बढ़ता हैं । वह कुछ प्राप्त होने हम मानव सोचते हैं कि कुछ और मिले, आगे और मिले । लोभ एक ऐसी वृत्ति हैं , जिसके उभरने पर हम मनुष्य अनेक पापों में प्रवृत्त हो सकतें हैं । हम विद्वत्-संत समागम में जाते हैं तो वहां यह सब सुनते हैं। पर वहाँ से निकलते ही हम पल्ला झाड़ देते हैं तो फिर संत समागम करने से हमको क्या लाभ हुआ ? वह और तो और छोटी-छोटी बातों पर तू-तू मैं-मैं करते भी हम नहीं सकुचाते हैं । वह मन को राग-द्वेष से भर लेते हैं। लोभ पाप का बाप है जो पल पल में संताप पैदा करता है ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## बीटेक पास कर नौकरी करने आया, 5 साल पहले संगठनों से जुड़ा, कर्मचारियों ने पुलिस फोर्स पर पत्थर चलाए थे

# नोएडा हिंसा : आरोपी के पास मजदूरों का पूरा डेटा

**खुलासा**





आदित्य आनन्द
नोएडा हिंसा का आरोपी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

नोएडा। नोएडा में श्रमिकों के हिंसक आंदोलन का आरोपी आदित्य आनंद पांच साल पहले बिहार से नौकरी करने आया था। उसने फेसबुक पर मजदूरों के संगठन 'मजदूर बिगुल' के बारे में पढ़ा। 2022 में उससे जुड़ गया।

मजदूर बिगुल एक तरह का संगठन था, जो मजदूरों से जुड़ा हुआ था। सोशल मीडिया पर इसका पेज बना हुआ था। मजदूर बिगुल के संपादक अनुभव सिन्हा के संपर्क में आया, नोएडा की फैक्ट्रियों में हो रही घटनाओं की रिपोर्टिंग करने लगा।

इसी दौरान, उसकी मुलाकात मजदूर संगठन के प्रमुख रुपेश राय से हुई। रुपेश भी आदित्य के साथ रिपोर्टिंग पर जाने लगा। दोनों ने नोएडा की इंडस्ट्री का पूरा डेटा बनाया।

आदित्य के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी हुआ। उस पर एक लाख का इनाम था। जानकारी मिलते ही वो नोएडा से सीधे चेन्नई पहुंचा। इधर, पुलिस की टीमें उसे पकड़ने के लिए कई राज्यों में लगातार दबिश दे रही थी। सर्विलांस की मदद ले रही थी। इस बीच, वह चेन्नई से होते हुए तिरुचिरापल्ली जा रहा था। लेकिन, STF को भनक लग गई। एसटीएफ की नोएडा यूनिट ने उसे स्टेशन से ही गिरफ्तार कर लिया। STF अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया- आदित्य आनंद उर्फ रस्टी ने बताया कि उसकी उम्र लगभग 28 साल है। उसने आरआर इंटर कॉलेज, कस्बा देसरी, वैशाली, बिहार से 12वीं पास की है। 2013 में वह पटना आकर रहने लगा और वहीं पर प्राइवेट तौर पर पढ़ाई करता रहा। इसके बाद साल 2020 में NIT जमशेदपुर से बीटेक पासआउट किया। कैंपस सिलेक्शन के जरिए उसका चयन जिनपेक्ट में हो गया। वह सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर नोएडा में काम करने लगा।

> एसटीएफ ने दावा किया कि मजदूरों के इसी डेटा के साथ 30 मार्च से 1 अप्रैल के बीच नोएडा के सेक्टर-37 अरुण विहार के एक कमरे में पांच संगठन मजदूर बिगुल, दिशा संगठन, आरडब्लूपीआई, नौजवान भारत सभा और एकता संघर्ष समिति के लोग इकट्ठा हुए थे।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर आदित्य ने वॉट्सएप से जुटाई भीड़

अपर पुलिस अधीक्षक (STF) राजकुमार मिश्रा ने बताया- तीन दिन तक आदित्य आनंद के घर पर प्लानिंग की गई। नोएडा की इंडस्ट्री और मजदूरों को किस तरह से हिंसक बनाया जाए, इसकी तैयारी की गई। उन्होंने दावा किया कि श्रमिक आंदोलन की आड़ में हिंसा, आगजनी व सार्वजनिक संपत्तियों को क्षति पहुंचाने की योजना बनाई गई। इसके बाद इन लोगों ने 9 से 10 अप्रैल के बीच वाट्सएप ग्रुप बनाए। आदित्य सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। इसलिए तकनीक का इस्तेमाल उसने किया।

# चौमुहां में धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती



**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा(चौमुहां) कस्बा चौमुहां में भगवान परशुराम जयंती बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के विप्र बंधुओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के कोषाध्यक्ष हेमंत शर्मा ने सभी विप्र बंधुओं का हृदय से स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे हुकम चंद शर्मा ने भगवान परशुराम को आदर्श बताते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रमाकांत गौड़ ने भगवान परशुराम के अवतार एवं उनकी शक्तियों का वर्णन करते हुए उन्हें जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में ब्राह्मण समाज चौमुहां के अध्यक्ष यतेंद्र कुमार भारद्वाज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में राहुल शर्मा, गौरव दीक्षित, लखन शर्मा, कुक्की पंडित, सुनील शर्मा, भानू मेंबर, हरीश शर्मा, खेमचंद शर्मा, गणेश शर्मा, छोटू, मोनू पंडित, त्रिनेत्र मोहन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**फास्ट न्यूज**

### वाराणसी के चितईपुर में पकड़ा गया सेक्स रैकेट

वाराणसी। वाराणसी के चितईपुर थानाक्षेत्र के सुंदरपुर इलाके में एसओजी-2 ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। एसओजी-2 ने चितईपुर पुलिस के साथ की गई छापेमारी में 4 युवक और 2 युवतियां मौके से हिरासत में ली हैं। जिनसे पूछताछ चल रही है। फिलहाल पुलिस ने मौके से कई आपत्ति-जनक वस्तुएं और शक्तिवर्धक दवाएं बरामद की हैं।

### किराया न देने पर ऑटो से महिला को फेंका

आगरा। 10 रुपए किराया न देने पर नशे में धुत ऑटो चालक ने महिलाओं के साथ मारपीट की। जब महिलाओं ने ऑटो रुकवाने की कोशिश की तो चालक ने वाहन तेजी से दौड़ा दिया। इस दौरान उसकी चपेट में दो बाइक सवार भी आ गए, जिससे वे घायल हो गए।

पीछा करने पर चालक ने एक महिला को चलते ऑटो से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आगे जाकर ऑटो एक स्थान पर टकरा गया, जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने चालक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना शनिवार को ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया में हुई।

### गंगा में डूब रहे 3 पर्यटकों को नाविकों ने बचाया

वाराणसी । वाराणसी में रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भेलूपुर थाना क्षेत्र के शिवाला घाट पर स्नान कर रहे 15 तीर्थयात्री अचानक गहरे पानी में चले गए, जिससे अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान तीन लड़कियां डूबने लगीं।

मौके पर मौजूद नाविकों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए गंगा में छलांग लगाई और तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## सिटी केयर हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ क्षेत्र को मिली नई स्वास्थ्य सुविधा




**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। भैरमपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सिटी केयर हॉस्पिटल का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह हॉस्पिटल पेट्रोल पंप के निकट, हनुमान मंदिर के सामने स्थित है, जिससे आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोगों को आसानी से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनगर के पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी रहे। उनके साथ मंडल अध्यक्ष सुशील वर्मा ने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होना बेहद जरूरी है, और सिटी केयर हॉस्पिटल इस दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह अस्पताल आम जनता को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण इलाज प्रदान करेगा। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें अनुपम राजपूत, साहिबे आलम, सुभाष गोस्वामी, डॉ. देशराज राजपूत, उमा सिंह, डॉ. एम. जे. शेख, अर्पित वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा बताया गया कि यहां पर सामान्य रोगों के उपचार के साथ-साथ आधुनिक जांच सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे मरीजों को दूर-दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## बाघ तालाब से नहीं निकल रहा, बारहसिंगा पानी में कर रहे मस्ती, मेरठ में एसी फटने से आग लगी

# यूपी में लू का अलर्ट, पारा 44.6 डिग्री सिल्सयस

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/ वाराणसी/प्रयागराज/ कानपुर। यूपी में भीषण गर्मी पड़ रही है। 26 जिलों का तापमान 40C या इससे ज्यादा पहुंच गया है। रविवार को ज्यादातर जिलों में सुबह से तेज धूप निकली है। हवा की रफ्तार कम होने से उमस का एहसास हो रहा है। सड़कों पर सन्नाटा है। वाराणसी और प्रयागराज में 8वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई है।

गोरखपुर चिड़ियाघर में बाघ तालाब से बाहर नहीं आ रहा है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बारहसिंगा पानी में मस्ती कर रहे हैं। मेरठ में AC कंप्रेसर फटने से आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। उधर, फिरोजाबाद में 150 साल पुरानी सब्जी मंडी में देर रात आग लग गई। 60 से अधिक दुकानें जलकर राख हो गईं।



गोरखपुर

पिछले 24 घंटे की बात करें तो बांदा देश में तीसरा सबसे गर्म शहर रहा। अधिकतम तापमान 44.6C दर्ज किया गया। एक दिन पहले यानी शुक्रवार को बांदा एशिया में सबसे गर्म शहर रहा था। तब अधिकतम तापमान 45.4C रिकॉर्ड किया गया था। इस बार गर्मी ने सामान्य से करीब 10 दिन पहले ही अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले साल 27 अप्रैल को पहली बार तापमान 45C के पार पहुंचा था, जबकि इस बार यह स्थिति अप्रैल के मध्य में ही बन गई।



### वाराणसी में गर्मी ने 14 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

वाराणसी में 14 वर्षों बाद ऐसा हुआ है कि अप्रैल के पहले पखवाड़े में तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। तापमान 42.8 डिग्री तक पहुंच गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के उपलब्ध आंकड़ों को देखें तो इससे पहले साल 2012 में चार अप्रैल को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। उससे पहले 2010 में एक अप्रैल को ही अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था, जो अब तक का अप्रैल का सर्वकालिक रिकॉर्ड है।

> मौसम विभाग ने आज पूर्वी यूपी के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज और आसपास के जिलों में लू (हीट-वेव) का अलर्ट जारी किया है। लोगों को धूप से बचने और दोपहर के वक्त बहुत जरूरी होने पर ही बाहर निकलने की सलाह दी है।

### पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पानी में मस्ती करते दिखे बारहसिंगा

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में गर्मी का असर साफ नजर आने लगा है। बीते कुछ दिनों से यहां का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए वन्यजीवों को डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से बचाने के लिए वन विभाग अलर्ट हो गया है। इसी बीच टाइगर रिजर्व का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बारहसिंगा पानी में उतरकर गर्मी से राहत पाते और मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं।

# तहसीलदार राखी शर्मा पर एक्शन

## लखनऊ भेजी गईं, कमिश्नर जांच करेंगे, कहा था- फिरोजाबाद डीएम ने रिश्वत में आई फोन लिया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में टूंडला की तहसीलदार राखी शर्मा (33) पर शासन ने एक्शन लिया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से राजस्व परिषद मुख्यालय लखनऊ से अटैच कर दिया गया है।

राखी शर्मा ने फिरोजाबाद DM रमेश रंजन (29) पर रिश्वत का आरोप लगाया था। कहा था- DM को रिश्वत के तौर पर 1.75 लाख का आईफोन और आईवॉच दी है। उन्हें परेशान किया जा रहा है। राखी शर्मा ने सीएम योगी से मामले की जांच की मांग की है।

फिरोजाबाद में जिला सूचना अधिकारी ने शनिवार रात 10.17 बजे ऑफिशियल वॉट्सएप ग्रुप पर राखी शर्मा पर एक्शन की जानकारी दी। उन्होंने बताया- तहसीलदार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, शासन ने उस विवादित जमीन मामले की जांच के दोबारा आदेश दिए हैं, जिस पर कब्जे को लेकर कलेक्ट्रेट कर्मचारियों पर आरोप लगे थे। इन आरोपों की जांच राखी शर्मा ने की थी। इस पूरे मामले की जांच अब मंडलायुक्त लखनऊ विजय विश्वास पंत करेंगे।



रमेश रंजन
डीएम

मूलरूप से आगरा के बल्केश्वर की रहने वाली राखी शर्मा 4 सितंबर, 2024 से टूंडला में बतौर तहसीलदार कार्यरत हैं। वह सरकारी गेस्ट हाउस में रहती हैं। गुरुवार शाम 16 अप्रैल को DM रमेश रंजन ने उनका स्थानांतरण टूंडला से शिकोहाबाद तहसील कर दिया था। ट्रांसफर आदेश जारी होने बाद महिला अफसर ने सीएम योगी के नाम एक वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने DM रमेश रंजन पर गंभीर आरोप लगाए और न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद अगले दिन यानी 17 अप्रैल को उन्होंने तहसील परिसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई।

### आईफोन के लिए देर रात तक खोला गया स्टोर

महिला अफसर ने बताया था कि 4 नवंबर, 2025 की रात आगरा का एक शो-रूम स्पेशली देर रात तक खोले रखा गया था। डीएम के ओएसडी के माध्यम से डिमांड की गई थी। मुझे बार-बार फोर्स किया गया, जबकि मुझे सैलरी नहीं मिल रही थी। फिर भी मैंने किसी तरह इंतजाम करके फोन खरीद कर दिया।

फोन देने के बाद भी इनका मन था कि मैं बार-बार वहां जाऊं, गिड़गिड़ाऊं और भीख मांगू। कुछ चीजें मैं बोलना नहीं चाहती, मगर इनके कुछ नैतिक और अनैतिक आदेश हैं, उन्हें मैं पूरा करूं। जो हो सकता था मैंने किया, जो नहीं हो सकता था, वो नहीं किया।

### सैलरी न आने पर हाईकोर्ट गईं

महिला अफसर ने बताया था कि इसके बाद मैं इंतजार करती रही कि अब आएगी सैलरी, पर नहीं आई। परेशान होकर हाईकोर्ट में 26 फरवरी को रिट दायर की। 27 फरवरी को सर को पता चल गया तो रात में ट्रेजरी खुलवाकर मेरी सैलरी भेजी गई। इस बीच मुझे कैंप हाउस में बुलाया गया। वहां 2 घंटे तक बंदी बनाकर रखा गया। फोर्स किया गया कि अपनी याचिका वापस ले लूं। इसी बात से आज तक नाराज हैं।

# बाप ने 5 महीने के नवजात को छत से फेंका, मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बदायूं। बदायूं में एक पिता ने अपने 5 महीने के नवजात को छत से फेंककर मार डाला। देर रात करीब 12 बजे आरोपी ने पहले बच्चे को छत से नीचे लटकाया और पत्नी पर मायके से तुरंत चलने का दबाव बनाने लगा। जब पत्नी ने मना किया, तो उसने नवजात को छत से नीचे फेंक दिया। गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। मामला बिसौली कोतवाली क्षेत्र के मलखान-पुर गांव का है। घटना के बाद परिजनों ने आरोपी को पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया। सुबह पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी बॉबी अपनी पत्नी, बहन के साथ साले की शादी में शामिल होने आया था और रविवार को बारात जानी थी।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के मलखानपुर गांव के रहने वाले प्रमोद दिवाकर गांव के प्रधान रह चुके हैं। रविवार यानी आज प्रमोद के बेटे सौरभ की बारात जानी है। शादी में शामिल होने के लिए बेटी कुमकुम भी अपने दो बेटों प्रशांत (5) और पांच महीने के राघव के साथ 6 अप्रैल को मायके आई थी।



राघव
मृतक

> बदायूं में पत्नी के साथ साले की शादी में आया था आज बारात जानी थी

पूर्व प्रधान प्रमोद ने बेटी कुमकुम की शादी संभल के रहने वाले बेहट-रसूल गांव के बॉबी से की है। बॉबी दिल्ली में फैक्ट्री में काम करता है। पूर्व प्रधान ने बताया- शादी में शामिल होने के लिए 17 अप्रैल को कुमकुम का पति बॉबी, अपने भाई शिवकुमार, भाभी अंजलि, बहन नीलम के साथ आया था।

**सनसनी : पत्नी ने जताई हत्या की आशंका, गले पर मिले निशान, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया**

# चारपाई पर मिला युवक का शव

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ के हथिगवां थाना क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब 40 साल के लयुवक का शव उसके घर में चारपाई पर पड़ा मिला। मृतक के गले पर रस्सी से कसने जैसे निशान पाए जाने के बाद पत्नी ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तुला का पुरवा (बेंती) गांव के रहनेवाले देवीदीन पुत्र बैजनाथ खेतीबाड़ी करते थे। परिवार में पत्नी रीना (38) और 2 बच्चें मयंक (7) और मानसी (6) हैं। शनिवार रात रोजमर्रा की तरह खाना खाने के बाद अपने घर में सोने चले गए। सब कुछ सामान्य था, लेकिन रविवार सुबह करीब 6 बजे जब पत्नी उन्हें जगाने पहुंची तो वह चारपाई पर मृत अवस्था में पड़े मिले। इस अचानक हुई घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी रीना ने जब शव को देखा तो उसके गले पर धागे से कसने जैसे निशान पाए गए। इसी आधार पर उसने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है।



मृतक, देवीदीन



घटना की जानकारी फैलते ही गांव में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

फिलहाल पुलिस ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है और मामले की जांच जारी है। परिजनों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रात को हम लोग करीब 2 बजे तक जाग रहे थे, क्योंकि बेटी का जन्मदिन था। लगभग 11 बजे खाना खाया था। इसके बाद मेरे पति ने मुझे घर के अंदर सोने के लिए भेज दिया और खुद बाहर खाट पर सो गए। वह पहले भी ठंड के दिनों से बाहर ही सोते थे।

रात में क्या हुआ, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। सुबह करीब 6 बजे उठी तो देखा कि वह मृत अवस्था में पड़े थे। उनके गले, नाक, हाथ और पैर पर चोट के निशान थे और शरीर पर मिट्टी लगी हुई थी, जिससे लग रहा है कि उनके साथ मारपीट की गई है। हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। हमने प्रेम विवाह किया था, जिस कारण परिवार वाले शुरू में राजी नहीं थे और बातचीत भी कम होती थी, लेकिन किसी ने कभी मारने-पीटने या धमकी देने जैसी बात नहीं की।

> सूचना मिलने पर हथिगवां थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह, एडिशनल एसपी पश्चिम बृजनंदन राय, एसपी दीपक भूकर और एसओजी और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हादसा : साले का सिर धड़ से अलग, जीजा का पैर कटा

## श्रावस्ती में बाइक सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकराई

**तमसा संकेत, एजेंसी**

श्रावस्ती । श्रावस्ती में सड़क हादसे में साले का सिर धड़ से अलग हो गया। जीजा के भाई का बायां पैर कटकर अलग हो गया। जीजा को भी गंभीर चोटें आई हैं। दरअसल, शनिवार रात 3 युवक एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। तभी रास्ते में तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से बचने के चक्कर में बाइक का बैलेंस बिगड़ा।

बाइक सड़क के किनारे लगी रेलिंग से टकरा गई। हादसा सिरसिया थानाक्षेत्र के खैरी तराई रोड पर हुआ। मृतक की पहचान ककरदरी गांव के राजू गौतम के रूप में हुई है। दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



राजू गौतम, मृतक

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ककरदरी गांव के रहने वाले राजू गौतम (27) शनिवार को अपनी बहन के घर भरथा रोशनगढ़ गए थे। वहां अपने बहनोई सीताराम और उनके चचेरे भाई गगन के साथ बाइक से ताल बघौड़ा में अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में गए थे।

कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर रात में वे घर लौट रहे थे। घर से लगभग 10 किलोमीटर पहले छोटकी सुइया और खैरा तराई के बीच में सैनिक रोड पर तीनों पहुंचे तो सामने से एक ऑटो आ रहा था।

ऑटो से बचने के चक्कर में बाइक बेकाबू हो गई। सड़क किनारे लगे लोहे की रेलिंग से टकरा गई। बाइक चला रहा राजू गौतम रेलिंग की कोर पर सिर के बल गिरा। रेलिंग के कोर से उसकी गर्दन कटती चली गई। इससे सिर और धड़ दोनों अलग हो गए।

बाइक सवार बहनोई सीताराम कुछ दूर छिटककर जा गिरे थे। सबसे पीछे बैठे गगन का पैर रेलिंग पर पड़ा और घुटना के ऊपर से पैर कटकर शरीर से अलग हो गया। मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीण आवाज सुनकर दौड़े पहुंचे।

## वहीं बैठा रहा पिता फोन करके पुलिस बुलाई, अफसर पहुंचे तो पत्नी बोली- इसे अभी फांसी दे दो

# पिता ने की जुड़वां बेटियों की हत्या

**वारदात**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कानपुर। कानपुर में रविवार तड़के 45 साल के पिता ने अपनी 11 साल की जुड़वां बेटियों की हत्या कर दी। पिता ने कमरे में बेटियों का गला रेत दिया। फिर लाश के पास ही बैठा रहा। खुद ही पुलिस को कॉल किया। बोला- मैंने अपनी बच्चियों को मार डाला है। आप लोग आ जाइए। पुलिस जब उसके घर पहुंची तो दरवाजा बंद था। पुलिस ने घंटी बजाई तो पत्नी ने दरवाजा खोला। पुलिस देखकर पत्नी घबरा गई। पूछा-क्या हो गया? तब पुलिस ने पति के कॉल वाली बात बताई।

पत्नी भागते हुए पति के कमरे में पहुंची तो देखा बच्चियों के खून से लथपथ शव फर्श पर पड़े हुए थे। पिता शशि रंजन मिश्रा लाश के बगल में बैठा था। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शशि रंजन दवा कंपनी में एमआर (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) है। वह नौबस्ता थाने के किदवई नगर में त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में पत्नी रेशमा छेत्री और तीन बच्चों रिद्धी, सिद्धी और 6 साल के बेटे गन्नू के साथ रहते थे। बेटियों की हत्या के बाद बदहवास रेशमा ने रोते हुए कहा- पति को आज ही फांसी दे दी जाए।




डीसीपी (दक्षिण) दीपेंद्र नाथ चौधरी ने कहा-रविवार तड़के 4.30 बजे 112 नंबर पर आरोपी ने खुद कॉल करके बेटियों की हत्या की सूचना दी।

### 12 साल पहले लव मैरिज हुई थी

पत्नी रेशमा (40) ने बताया- मैं बंगाल के सिलीगुड़ी की रहने वाली हूं। पति बिहार के रहने वाले हैं। कानपुर में मेंस पार्लर में जॉब करती थी। इसी दौरान मेरी मुलाकात शशि रंजन से हुई। 2014 में हम दोनों ने लव मैरिज कर ली। कुछ दिन सब ठीक रहा। फिर शराब के नशे में पति रोज पीटने लगे। वो नींद की गोलियां भी खाते थे। घर में एंट्री गेट से लेकर किचन और बेडरूम तक में CCTV लगवाए हैं। मुझे अपने कमरे में घुसने नहीं देते थे। दोनों बेटियों को साथ रखते थे। अक्सर कहते थे कि तुम बेटे को लेकर कहीं चली जाओ, मैं बेटियों को पाल लूंगा। जब वो बाहर चले जाते थे, तब हम लोग उनके कमरे में जाते थे।

### चाकू से गला रेता, चीख तक नहीं पाईं बच्चियां

पुलिस की फॉरेसिंक टीम के मुताबिक, बच्चियों की लाश फर्श में पड़ी थी। बेड बिल्कुल साफ था। क्राइम सीन को देखकर ऐसा लग रहा है कि आरोपी ने बच्चियों का मुंह दबाया और फिर उनका गला चाकू से रेत दिया। एक शंका यह भी है कि बच्चियों को कुछ नशीला पदार्थ सुंघा या खिला दिया हो। ऐसा इसलिए कि आरोपी दवाओं का जानकार था।

**रेशमा ने बताया- कल रात सब कुछ ठीक था। सबने खाना खाया। फिर पति बच्चियों को लेकर कमरे में सोने चले गए। किसी से फोन पर बहुत देर तक बात की। उनके कमरे में सीसीटीवी लगा है। मैं बाहर स्क्रीन पर उनके कमरे के अंदर देख रही थी। रात करीब 2.30 बजे एक बेटी को लेकर वॉशरूम गए। थोड़ी देर बाद वापस आकर कमरे की लाइट बंद कर दी। मैं भी बाहर सो गई। इसके बाद पता नहीं कब हत्या की। सुबह जब पुलिस आई, तब मुझे बेटियों की हत्या का पता चला।**

# परशुराम जयंती पर किया गया भव्य आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर नगर पंचायत सभागार में रविवार को भव्य बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सम्मान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का विशेष संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया। कार्यक्रम का आयोजन व्यापार मंडल अध्यक्ष रविकांत पांडेय एवं समाजसेवी पवन कुमार ओझा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसकी अध्यक्षता भोलानाथ त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत क्षेत्र के बुजुर्गों को अंगवस्त्र एवं भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और पूरा सभागार श्रद्धा व सम्मान के माहौल से सराबोर रहा।इस दौरान कार्यक्रम



की सबसे खास पहल पर्यावरण संरक्षण को लेकर रही। वन विभाग के उपनिरीक्षक सचिन व दुर्गेश यादव ने पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी के सहयोग से सैकड़ों पौधों का वितरण कराया। लोगों को न केवल पौधे दिए गए, बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी उपलब्ध कराए गए, जिससे पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित हो सके। इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

# चिकित्सा क्षेत्र सेवा और समर्पण का क्षेत्र है : किशन चौधरी

### फ्रेशर रैंप वाक में मिस्टर फ्रेशर डा. प्रतीक और मिस फ्रेशर डा. कुकू ने जीता खिताब

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय के एमबीबीएस 2020 बैच के छात्र-छात्राओं की विदाई, नवीन स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों के स्वागत में विश्वविद्यालय के खेल मैदान में फेयरवेल-फ्रेशर कार्यक्रम मेडिकोस माइलस्टोन्स का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध मणिकर्णिका इवेंट, अब्लेज द बैंड ने अपनी शानदार प्रस्तुती से ऐसा समां बांधा सभी छात्र झूमते नजर आए, वहीं 'न्याई फॉर डीजे' ने कमान संभाली और अपनी बेहतरीन बीट्स पर सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, फैकल्टी और छात्र-छात्राओं ने खुशनुमा कार्यक्रम में अपनी मौजुदगी दर्ज कर आनंद को दूना कर दिया। देर रात तक




विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रा नाच-नाचकर अपने ऊपर हावी पढ़ाई के भार को हल्का करते रहे।

मेडिकोस माइलस्टोन्स का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान उनके साथ कुलपति डा. एनसी प्रजापति, प्रति कुलपति डा. शरद अग्रवाल, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, परीक्षा नियंत्रक समीक्षा भारद्वाज, मेडीकल प्राचार्य पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुपीटेंट डा. नमित गौतम मंच पर उपस्थित रहे। विवि के कुलाधिपति ने एमबी-बीएस2020 बैच के छात्र-छात्राओं को पटुका पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा चिकित्सा क्षेत्र सेवा और समर्पण का क्षेत्र है, डाक्टरी पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के आयोजन छात्रों के मानसिक विकास और आपसी तालमेल के लिए बेहद जरूरी है।

**■ केएम विश्वविद्यालय के मेडिकोस माइलस्टोन्स में अब्लेज द बैंड ने बांधा समां, न्याई डीजे ने मचाया धमाल**

## कपड़े और सब्जियों की 60 से अधिक दुकानें जलीं, कई लाख नकदी भी राख

# फिरोजाबाद में 150 साल पुरानी मंडी जलकर खाक

**तमसा संकेत, एजेंसी**

फिरोजाबाद । फिरोजाबाद की 150 साल पुरानी सब्जी मंडी में भीषण आग लगने से 60 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं। आग की चपेट में आने से मार्केट के सामने स्थित एक गारमेंट की दुकान सहित 7 अन्य दुकानें भी धू-धू कर जल गईं।

देर रात जब लोगों को घटना की जानकारी मिली, तब तक अधिकांश दुकानें जल चुकी थीं। सूचना मिलने पर पहुंची छह दमकल गाड़ियों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

शनिवार को हुई यह घटना शिकोहाबाद के कटरा बाजार की है। आग लगने के कारणों का अभी पता



नहीं चल सका है। हालांकि, शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को संभावित वजह माना जा रहा है। राजस्व और फायर विभाग की टीमें नुकसान का आकलन कर रही हैं।

शिकोहाबाद के कटरा बाजार में 150 साल पुरानी सब्जी मंडी है। मंडी में 60 दुकानें हैं। यह शहर में फल-सब्जियों की सबसे बड़ी मंडी है। रोजाना यहां लाखों का व्यापार होता है। शनिवार देर रात करीब 2 बजे किन्हीं वजहों से एक दुकान में आग लगी। कुछ ही देर में आग पूरे मार्केट में फैल गई। स्थानीय लोगों को जानकारी होती, इसके पहले आग की लपटों ने पूरे मार्केट को अपने लपेटें में ले लिया। आग इतनी भयावह थी कि लपटें आसमान में 10-10 फीट ऊंची उठ रही थी। कई किलोमीटर दूर से ही आग की लपटें और धुएं का गुबार देखा जा सकता था। सब्जी मंडी की आग फैलते हुए पास के एक दूसरे मार्केट में तक पहुंच गई। वहां सात दुकानों में आग फैल गई। देखते ही देखते वहां गारमेंट की दुकान सहित अन्य 6 दुकानें भी जलकर खाक हो गईं।

### सामान के साथ लाखों रुपए नकदी भी जले

मंडी में दुकान करने वाले मोहम्मद साइल ने बताया- मंडी में सब्जियों का भारी स्टॉक रहता है। कोई ऐसा दुकान नहीं होगा जिसके गल्ले में 20 हजार से 50 हजार रुपए न पड़ा हो। सबकुछ आग में जलकर खाक हो गया। सालों की मेहनत की कमाई हम लोगों की पलभर में खत्म हो गई।



**मुख्य अग्निशमन अधिकारी सत्येंद्र पाण्डेय ने बताया- आग लगने की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई थी। मंडी में अधिकतर सब्जी और कपड़ें की दुकानें हैं। यह संख्या करीब 50-60 के आसपास है। आग लगने की वजह अभी सामने नहीं आ सका है। हालांकि, ऐसा लग रहा कि शार्ट सर्किट की वजह से ऐसा हुआ है।**

## साथी बोले- सट्टे में पैसा हारा तो कर्ज से परेशान था, मोबाइल भी बेच दिया था

# पोस्ट मास्टर ने दोस्त के घर फांसी लगाई

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बिल्हौर। कानपुर में पोस्ट मास्टर ने दोस्त के कमरे में सुसाइड कर दिया। रविवार सुबह कमरे के बाहर से जब दोस्त ने आवाज लगाई तो कोई हलचल नहीं हुई। खिड़की से देखा तो शव फंदे से लटक रहा था।

पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतरवाया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मामला बिल्हौर कस्बे के मुनीश्वर अवस्थी मोहल्ले का है।

दोस्तों ने बताया- सौरभ सट्टे में पैसा हारा था, जिससे उस पर कर्ज हो गया था। उसने अपना मोबाइल भी बेच दिया था। वह दोस्तों का मोबाइल यूज करता था। शनिवार रात उसने जिस मोबाइल का यूज किया, उस पर किसी का मैसेज आया था कि तुम खुद आओगे या हमें आना पड़ेगा।

इस पर सौरभ ने सुबह आने की बात कही थी। हालांकि, पुलिस ने ऐसे किसी मैसेज की आधिकारिक पुष्टि नहीं की। पुलिस उसके तीन दोस्तों से मामले को लेकर पूछताछ कर रही है। सौरभ शर्मा (26) हरियाणा के महेंद्रगढ़ के थाना कनेना के गांव चेलावन के रहने वाले थे। सौरभ कानपुर देहात के रसूलाबाद क्षेत्र के विरुहुन गांव स्थित डाकघर में ब्रांच पोस्ट मास्टर (बीपीएम) पद पर तैनात थे। वह घर जाने के लिए बिल्हौर में अपने दोस्त और डाक विभाग के कर्मचारी रोहित के कमरे पर पहुंचे थे।



■ पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो फंदे से डेडबाडी लटकती मिली।

**“ इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने बताया- शुरुआती जांच में मामला सुसाइड का लग रहा है। युवक के आत्मघाती कदम उठाने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

### मफलर से फंदा लगाकर जान दी

जब पुलिस पहुंची और दरवाजा तोड़ा तो सौरभ पंखे के हुक से मफलर के सहारे फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना परिवार के लोगों को दे दी। परिजनों के पहुंचने का पुलिस इंतजार कर रही है।



सौरभ शर्मा, मृतक

### दोस्त बोला- रात में खाने के बाद सोने चले गए

रोहित ने पुलिस को बताया कि शनिवार को सौरभ मेरे घर आया था। रात में हम लोगों ने साथ में करीब 2 बजे खाना खाया। इसके बाद मैं थर्ड फ्लोर के कमरे में सोने चला गया। रोहित ने बताया- सौरभ ने कहा कि वह अभी थोड़ी देर पढ़ाई करेगा। इसके बाद वह सेकेंड फ्लोर पर चला गया। रविवार सुबह जब मैं सौरभ को बुलाने के लिए नीचे आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार आवाज देने के बाद भी कोई हलचल नहीं हुई। मैंने खिड़की से देख तो फंदे से लटका दिखाई दिया। मैंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## कानपुर में चंदौली का गैंग कर रहा था लूटपाट

कानपुर । पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गैंग का खुलासा किया है। यह गिरोह ऑटो से चलता है। इसमें बैठने वाली सवारियों के साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम देता है। देर रात सवारियों से लूटपाट करते तो दिन में सवारियों पर उल्टी करके उलझा देते हुए और फिर उनका मंगलसूत्र, पर्स या कीमती सामान उड़ा देते थे।

पुलिस ने गैंग में शामिल दो महिलाओं और युवकों को छापेमारी करके अरेस्ट किया, जबकि मौके से भागा सरगना को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मारकर अरेस्ट कर लिया। चंदौली का यह गिरोह कानपुर में आकर बीते कई दिनों से ताबड़तोड़ वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने शातिरों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने रविवार दोपहर को अपने दफ्तर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके गिरोह का खुलासा किया। बताया कि बताया कि 23 मार्च को बर्रा दामोदर नगर में ऑटो सवार महिला के ऊपर उसके बगल बैठी महिला ने उल्टी कर दी।

## पत्रकारिता सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : अनुराग सक्सेना




**तमसा संकेत, संवाददाता**

सूरतगंज (बाराबंकी)। पत्रकारिता केवल आजीविका का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने कहा कि पत्रकारों का दायित्व है कि वे जनसरोकार से जुड़े मुद्दों की आवाज को दबाने के बजाय उसे मजबूती से उठाएं।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता को चौथे स्तंभ का दर्जा माना गया है, इसलिए पत्रकारों को निष्पक्षता, सत्यता और निर्भीकता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। वर्तमान समय में जब सूचनाओं का प्रवाह तेजी से हो रहा है, तब पत्रकारों की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

डॉ. सक्सेना ने सभी पत्रकारों से आह्वान किया कि वे समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज बनें तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों को किसी भी प्रकार के दबाव में आए बिना सत्य को सामने लाना चाहिए, ताकि समाज में पारदर्शिता और जागरूकता बनी रहे।

उन्होंने आगे कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज को सही दिशा दिखाना और जनहित की रक्षा करना है। ऐसे में हर पत्रकार को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'जैसे आत्मा वैसे ...

ये है भारत के सनातन की आस्था, जो लगातार जारी है। ये भारत का गौरव है। इस गौरव का अहसास करने के लिए ये एक हजार श्रद्धालु उत्तर प्रदेश से सोमनाथ जी का दर्शन करने जा रहे हैं। इनको यहां प्रस्थान कराने में सुख की अनुभूति हो रही है, क्योंकि जब ये दर्शन करेंगे तो इनके पुण्य के भागीदार हम सब भी होंगे।

यह ट्रेन प्रदेशभर से 1008 चयनित श्रद्धालुओं को यात्रा कराएगी। ट्रेन शाम 4:30 बजे गोमती नगर रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। 21 अप्रैल सुबह 6:00 बजे सोमनाथ स्टेशन पहुंचेगी। 24 अप्रैल को वहां से वापसी के लिए ट्रेन रवाना होगी और 26 अप्रैल को लखनऊ पहुंचेगी।

आदित्यनाथ ने कहा आज से 10-11 साल पहले कोई सोचता था कि अयोध्या में राम के मंदिर का निर्माण हो पायेगा। आज हर भारतवासी देश ही नहीं, दुनिया में कहीं भी जाए। हर ओर एक ही आवाज उठेगी जय श्रीराम। कोई भी हमें देखता है चाहे वह भारत में हो या दुनिया में, हमें देखते ही अनुमान लगा लेता है कि हम उत्तर प्रदेश से हैं। उसकी तरफ से आवाज उठती है जय श्री राम।

सोमनाथ यात्रा विशेष ट्रेन के रवाना होने से पहले बटुकों ने मंगलाचरण किया। शामली के डिप्टी एस्कॉर्ट ऑफिसर अवनीश त्यागी ने बताया- सोमनाथ मंदिर के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में निकाली जा रही है इस यात्रा के लिए अपने जिले से लोगों को लेकर आया हूं। हम सभी लोग को जो कलश दिया गया है इसमें जल है। जल शिवजी को अर्पित करेंगे।

### तमिलनाडु में ...

हादसे के समय फैक्ट्री में 30 मजदूर काम कर रहे थे। 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनमें तीन महिलाएं हैं, जो करीब 60 प्रतिशत तक झुलस गई हैं। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। दमकल और रेस्क्यू टीमें कई घंटों से आग बुझाने और मलबा हटाने में जुटी हैं। धमाके के बाद भी पटाखे फूटते रहे, जिससे रेस्क्यू में दिक्कत आई।

शुरुआती जांच में सामने आया कि विस्फोट फैक्ट्री के सामने वाले हिस्से में हुआ है, जहां मजदूर कच्चे सामान के साथ काम कर रहे थे।

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने X पर लिखा- मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मंत्रियों को तुरंत घटनास्थल पर जाने के लिए कहा है। साथ ही जिला कलेक्टर से बात कर सभी जरूरी सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए।

### 'अमेरिका पर...

दोनों के बीच मतभेद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट के नियंत्रण को लेकर हैं।

पजशकियन ने दोहराया कि ईरान युद्ध नहीं चाहता है। सिर्फ आत्मरक्षा में कदम उठा रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजराइल पर नागरिक ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया और इसे अंतर-राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया।

इससे पहले ईरानी संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर ने कहा था कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। हालात कभी भी बिगड़ सकते है।

पाकिस्तान में अमेरिका ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस जाएंगे या नहीं यह स्पष्ट नहीं है। न्यूज एजेंसी AP ने व्हाइट हाउस के हवाले से बताया कि जेडी वेंस इस वार्ता में शामिल होंगे। वहीं अल जजीरा के मुताबिक ट्रम्प ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि सुरक्षा चिंताओं के चलते वेंस इस्लामाबाद नहीं जाएंगे।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के बीच फोन पर बातचीत हुई। अल जजीरा के मुताबिक, दोनों नेताओं ने अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष समेत क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हालात पर चर्चा की।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के पास शांति समझौते के लिए यह आखिरी मौका है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की तरह वही गलती नहीं दोहराएंगे। ओबामा की सरकार ने 2015 में ईरान के साथ परमाणु समझौता किया था। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा, “अगर ईरान इस समझौते पर साइन नहीं करता, तो पूरा देश तबाह कर दिया जाएगा।”

### वर्धा और राजनांदगांव ...

दरअसल इन राज्यों में लगातार तीसरे दिन पारा 40C से ज्यादा है।

झारखंड के रांची में चिड़ियाघर के जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर लगाए गए हैं। ओडिशा के 9 जिलों के स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

पश्चिम बंगाल, बिहार, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और अरुणाचल में आंधी के साथ बारिश हो सकती है। उत्तराखंड और हिमाचल में बारिश भी का अलर्ट है। वहीं दक्षिणी राज्य कर्नाटक के कुछ हिस्सों में ओले गिरने का अलर्ट है।

जम्मू-कश्मीर के ऊपरी इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश की वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

बांदीपोरा जिले की गुरेज घाटी और गांदरबल के सोनमर्ग में बर्फबारी हुई। बर्फ गिरने के कारण मुगल रोड, श्रीनगर-कारगिल रोड और बांदीपोरा-गुरेज रोड समेत कई सड़कें बंद कर दी गई हैं।

### टीएमसी ने बंगाल ...

बिक्रम ने बताया- मैंने कभी नहीं सोचा था कि प्रधानमंत्री मेरी दुकान में आकर झालमुड़ी खाएंगे। मैंने उनके लिए झालमुड़ी बनाई। मैंने पैसे लेने से मना किया उन्होंने जबरदस्ती पकड़ा दिए। खा कर बोले कि अच्छा बना है।

पीएम ने पढ़ाई के बारे में पूछा मैंने बताया कि गरीबी के चलते ज्यादा नहीं पढ़ सका। फिर पीएम ने कमाई के बारे में पूछा- मैंने कहा कि 1000-1200 रुपए कमा लेता हूं। वे करीब 10 मिनट तक दुकान में रुके, उन्होंने राजनीति की कोई बात नहीं की। पीएम मोदी बोले मैं यहां के किसान और नौजवानों की पीड़ा समझता हूं। मेरा कहना है कि जब तक मंडियों में टीएमसी का सिंडिकेट रहेगा, तब तक शोषण होता रहेगा। आप बीजेपी सरकार लाइए हम टीएमसी की परमानेंट सर्जरी करेंगे। TMC की सरकार बंगाल टाइगर की दहाड़ से डर गई है। यह बंगाल टाइगर यहां की जनता है। मैं टीएमसी के लोगों को आखिरी मौका दे रहा हूं अपने अपने थाने में आत्मसमर्पण कर दो। क्योंकि 4 मई के बाद कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। बंगाल के चुनाव नया इतिहास बनाने वाला है। टीएमसी का भयकाल जाने वाला है और बीजेपी का सेवाकाल आने वाला है। 4 मई के नतीजे क्या होंगे इसका असर अभी से ही टीएमसी के नेताओं की भाषा में दिख रहा है।

### कमर में इंजेक्शन...

उल्टा, परिवार को कथित तौर पर धमकाया गया—“जो करना है कर लो, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।”

लगातार बिगड़ती हालत के बीच 07 जनवरी 2026 को युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हैरानी की बात यह है कि घटना के करीब 11 महीने और एफआईआर दर्ज हुए 8 महीने बीत जाने के बावजूद आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है।

परिवार का आरोप है कि पुलिस ने आरोपी को दो बार हिरासत में लेने के बाद भी छोड़ दिया। इससे यह सवाल उठ रहा है कि कहीं न कहीं स्तर पर ढिलाई या दबाव तो नहीं है।

### 200 फीट गहरी ...

कुछ घायलों को सीढ़ियों के जरिए ऊपर सड़क पर लेकर आए। वहीं कुछ घायलों को कंधों पर उठाकर लाए।

सभी यात्रियों को पहले पुष्कर के सरकारी अस्पताल लेकर गए। वहां से उन्हें अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। एक्सीडेंट के बाद पुष्कर घाटी में लंबा जाम लग गया।

लोगों की मदद से 33 यात्रियों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। इनमें से पूजा (28) पत्नी विजय सिंह गुर्जर और विमला देवी (50) पत्नी ओम प्रकाश गुर्जर की मौत हो गई।

## 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक संभालेंगे जिम्मेदारी, टीम इंडिया ने 3 आईसीसी खिताब जीते

# चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

**निर्णय**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में अजीत अगरकर का कार्यकाल एक साल के लिए और बढ़ा दिया है। अब वे 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप तक इस पद पर बने रहेंगे।

इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि अजीत ने BCCI से अपने क्रॉन्ट्रैक्ट को 2027 वनडे वर्ल्ड कप बढ़ाने की मांग की थी। हालांकि एनआई को BCCI के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि अजीत का कार्यकाल रिन्यू किया गया है, एक्सटेंड (नहीं। वे अपनी परफॉर्मेंस के आधार पर चौथे साल के लिए पद पर बने रहेंगे।

BCCI के नियमों के मुताबिक, एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में अधिकतम चार साल तक रह सकता है। अगरकर का मौजूदा कार्यकाल पहले ही बढ़ाया जा चुका है। 2025 IPL से पहले BCCI ने उनका कॉन्ट्रैक्ट एक साल के लिए बढ़ाकर जून 2026 तक कर दिया था। पूर्व तेज गेंदबाज अगरकर को जुलाई 2023 में टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया था।

### अजीत अगरकर का करियर

| | | |
|---|---|---|
| टेस्ट | 571 रन | मैच-26 \| विकेट -58 |
| वनडे | 1269 रन | मैच-191 \| विकेट -288 |
| टी-20I | 15 रन | मैच-4 \| विकेट -3 |



### अगरकर के कार्यकाल में भारत ने तीन खिताब जीते

अजीत अगरकर का पिछला कार्यकाल बेहद सफल रहा। अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच उनके द्वारा चुनी गई भारतीय टीमों ने चार ICC टूर्नामेंट्स के फाइनल में जगह बनाई। इनमें से भारत ने तीन खिताब अपने नाम किए। 2024 और 2026 के टी-20 वर्ल्ड कप तथा 2025 की ICC चैंपियंस ट्रॉफी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।





अगरकर के कार्यकाल में टीम इंडिया 2024 और इस साल टी-20 वर्ल्ड कप और पिछले साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

### 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए 'कंटिन्यूटी' पर फोकस

अगला वनडे वर्ल्ड कप 2027 में होना है। BCCCI चाहता है कि टीम की कोर और चयन प्रक्रिया में स्थिरता बनी रहे। अगरकर का कार्यकाल बढ़ने का मतलब है कि वे अगले वर्ल्ड कप के लिए टीम तैयार करने के मिशन पर काम जारी रखेंगे। बोर्ड का मानना है कि इस समय चयन समिति के नेतृत्व में बदलाव करना टीम की लय को बिगाड़ सकता है।

## सीएसके ने आयुष म्हात्रे के साथ जो किया वो भारतीय दिग्गज को नहीं आया रास



नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे चोटिल हो गए हैं। शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच में आयुष को चोट लगी थी। इसे लेकर भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने फ्रेंचाइजी पर सवाल उठाए हैं। अश्विन भी चेन्नई के लिए खेल चुके हैं।

चेन्नई कल के मैच में दूसरी पारी खेल रही थी। पारी के पांचवें ओवर के दौरान आयुष ने जब दो रन लेने की कोशिश की तभी उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। फिजियो ने उन्हें देखा। आयुष ने फिर दर्द के बाद भी बल्लेबाजी की और फिर 17 गेंदों पर 30 रन बनाकर आउट होकर चले गए।

मैच के दौरान चेन्नई के टीम मैनेजमेंट ने जो किया वो देख अश्विन को गुस्सा आ गया। आयुष ने अपने घुटने पर पट्टी बांधते हुए बैटिंग की। फिजियो दो बार उनको देखने आए, इसके बाद भी चेन्नई ने उनको बाहर नहीं बुलाया। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने उनको सिंगल रन के लिए भी बुलाया था। ये सब देख अश्विन को गुस्सा आ गया।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कहा,आयुष म्हात्रे को चोट लगी है। मुझे उम्मीद है कि वह वापसी करेंगे, लेकिन जैसा नजर आ रहा है मुझे लग रहा है कि उन्हें ठीक होने में लंबा समय लग सकता है।अश्विन ने कहा, जब वह बल्लेबाजी करने आ रहे थे तब वह घुटने पर पट्टी बांधे हुए थे। दो-तीन मैचों से वह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेल रहे हैं। लोग पूछ रहे थे कि उन्हें बतौर इम्पैक्ट प्लेयर क्यों खिलाया जा रहा है? चोट इसकी वजह लग रही है। अश्विन ने कहा कि आयुष को खुद मैदान से बाहर चले जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस पूरी स्थिति को चेन्नई के मैनेजमेंट ने जिस तरह से संभाला वो हैरान करने वाली बात है।

# आईपीएल सीजन में चौथा मैच चेन्नई हारी, हैदराबाद ने 10 रन से हराया

## अभिषेक-क्लासन की फिफ्टी, ईशान मलिंगा को 3 विकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स IPL के मौजूदा सीजन में चौथा मैच हार गई है। उसे शनिवार के दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 रनों से हराया। पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया।

राजीव गांधी स्टेडियम में 195 रन का टारगेट चेज कर रही चेन्नई 20 ओवर में 8 विकेट पर 184 रन तक ही पहुंच सकी। इससे पहले हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 194 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से अभिषेक शर्मा और हेनिरक क्लासन ने 59-59 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। CSK से जैमी ओवर्टन और अंशुल कम्बोज ने 3-3 विकेट लिए।

हैदराबाद की टीम ने लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम इस सीजन से मौजूदा सीजन की पॉइंट्स टेबल के चौथे स्थान पर आ गई है। वहीं, चौथा मैच गंवाने वाली चेन्नई 7वें नंबर पर है। रन चेज में चेन्नई ने 10 ओवर में 3 विकेट पर 112 रन बना लिए थे, लेकिन यहां से टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई। चेन्नई का कोई भी बल्लेबाज 35 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। सबसे ज्यादा 34 रन मैथ्यू शॉर्ट ने बनाए। आयुष म्हात्रे ने 30 और सरफराज खान ने 25 रन का योगदान दिया। चेन्नई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 18 रनों की जरूरत थी, लेकिन टीम 7 रन ही बना सकी। ओवर की तीसरी बॉल पर प्रफुल्ल हिंगे ने जैमी ओवर्टन को आउट करके CSK की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।



**हैदराबाद की ओर से ईशान मलिंगा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने मैथ्यू शॉर्ट, सरफराज खान और ऋतुराज गायकवाड को भी पवेलियन भेजा। नीतीश कुमार रेड्डी और प्रफुल्ल हिंगे ने 2-2 विकेट झटके। शिवांग कुमार और साकिब हुसैन को एक-एक विकेट मिला।**

### राजस्थान के खिलाफ कोलकाता को पहली जीत की तलाश

नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम ईडन गार्डन में एक-दूसरे का सामना करने वाली हैं। कोलकाता ने अब तक 6 मुकाबले खेले हैं और 5 में हार का सामना करना पड़ा है। उनका एक मैच बारिश की वजह से रद हो गया था। ऐसे में उन्हें पहली जीत की तलाश है। राजस्थान रॉयल्स को अपने पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में वे जीत की पटरी पर वापस लौटना चाहेंगे। अगर इन दोनों के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें, तो कोलकाता का पलड़ा थोड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच 32 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से कोलकाता ने 16 मैचों में जीत हासिल की है। तो वहीं राजस्थान को 14 मुकाबलों में जीत मिली है, जबकि दो मैच का कोई नतीजा नहीं निकल सका है।

राजस्थान का मैच हो और वैभव सूर्यवंशी की बात न हो ऐसा हो नहीं सकता। एक बार फिर इस युवा बल्लेबाज पर सभी की नजरें होंगी।

## नींबू के साथ की विकेट गिरने की प्रार्थना, अगली गेंद पर शिवम दुबे बोल्ड

# जब सीएसके के खिलाफ चला फैन का टोटका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

IPL 2026 के 27वें मैच में एक अजीब घटना देखने को मिली। शिवम दुबे के आउट होने से पहले स्टैंड्स में बैठे एक सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के एक फैन का टोटका सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

चेन्नई की पारी के 17वें ओवर में, जब चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के लिए दुबे बल्लेबाजी कर रहे थे, तभी एक फैन हाथ में नींबू लेकर उसे हवा में घुमाते और कुछ बुदबुदाते हुए नजर आया। उसने इशारा दुबे की ओर किया और अगली ही गेंद पर दुबे बोल्ड हो गए।

इस तरह के टोटके फैंस करते रहते हैं। कई बार खिलाड़ी भी अंधविश्वास करते हैं। जैसे 2011 वर्ल्ड कप फाइनल में सचिन तेंदुलकर ड्रेसिंग रूप में वीरेंद्र सहवाग को जगह बदलने नहीं दे रहे थे। साकिब हुसैन ने मिडिल स्टंप पर एक तेज फुल लेंथ डिलीवरी डाली । दुबे इस गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में पूरी तरह चूक गए । उनके पैरों का मूवमेंट नहीं हुआ और ऐसा लगा कि वे स्लोअर बॉल की उम्मीद कर रहे थे । गेंद पैड को छूते हुए सीधे स्टंप्स से जा टकराई । दुबे 16 गेंदों में 21 रन बनाकर निराश होकर वापस लौटे ।

हैदराबाद ने इस रोमांचक मुकाबले में चेन्नई को 10 रनों से शिकस्त दी । इस जीत के साथ ही SRH पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच गई है । वहीं, चेन्नई के लगातार दो जीत का सिलसिला भी थम गया है । हैदराबाद का अगला मुकाबला अब 21 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा।



### जब सचिन से सहवाग को अपनी जगह से नहीं उठने दिया

सचिन तेंदुलकर ने एक बार बताया था कि 2011 क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में जब वे और वीरेंद्र सहवाग जल्दी आउट हो गए, तो दोनों ड्रेसिंग रूम में एक ही जगह बैठ गए। सचिन ने सहवाग से कहा कि वह अपनी जगह न बदलें, ताकि टीम का लकी मोमेंटम बना रहे। उन्होंने यह भी बताया कि 2011 वर्ल्ड कप क्वार्टर फाइनल के दौरान भी ऐसा ही हुआ था। उस मैच में भी दोनों एक ही जगह बैठे थे और भारत ने जीत हासिल की थी।

## मनोरंजन



## कपल ने बेटी दुआ की फोटो शेयर कर प्रेग्नेंसी की दी जानकारी

# दूसरी बार पेरेंट्स बनेंगे दीपिका-रणवीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने रविवार को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस की। दीपिका और रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर उनकी बेटी दुआ की एक तस्वीर शेयर की गई, जिसमें बेटी ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़ी हुई है, जो पॉजिटिव रिजल्ट दिखा रहा है।

तस्वीर में रणवीर बेटी को गोद में लिए हुए हैं, हालांकि उनका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं, तस्वीर में दुआ का आधा चेहरा नजर आ रहा है।

इस पोस्ट पर कई सेलिब्रिटीज ने रिएक्ट किया। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, 'बधाई हो, आप दोनों खुश रहें।'

फिल्म धुरंधर में रणवीर के को-स्टार रहे दानिश पंडोर ने कमेंट किया, 'मेहर।' वहीं, नील नितिन मुकेश ने इमोजी शेयर किया।

### 2024 में बेटी दुआ का जन्म हुआ था

बता दें कि दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर 2024 को अपनी बेटी दुआ के जन्म की जानकारी दी थी। उस समय उन्होंने लिखा था, 'वेलकम बेबी गर्ल। 8-9-2024। दीपिका और रणवीर।' इससे पहले फरवरी 2024 में दीपिका ने प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। दीपिका और रणवीर ने कई साल तक रिलेशनशिप में रहने के बाद 2018 में इटली में शादी की थी।

कपल के वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर हाल ही में फिल्म धुरंधर 2 में नजर आए थे, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई। धुरंधर 2 दुनिया भर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म की दुनिया भर में कमाई 1,748.91 करोड़ रुपए हो गई। इसने 1,742.10 करोड़ रुपए कमाने वाली अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 को पीछे छोड़ दिया।



दीपिका और रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर दुआ की यह तस्वीर शेयर की गई।

# समय रैना के नाना को मारने की धमकी मिली थी

## आतंकियों की हिट लिस्ट में थे, स्थानीय कश्मीरी मुसलमानों ने जान बचाई थी

नई दिल्ली। कॉमेडियन समय रैना ने हाल ही में बताया कि 1990 के दशक में कश्मीर में उग्रवाद के दौरान उनके नाना को जान से मारने की धमकी मिली थी। हालांकि, स्थानीय कश्मीरी मुसलमानों की मदद के चलते उनकी जान बच गई थी। समय ने 'दॉस्टकास्ट' यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कश्मीर में उग्रवाद और कश्मीरी पंडितों के पलायन के प्रभाव पर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि उनके परिवार को भी रातोंरात कश्मीर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था। कॉमेडियन ने बताया, उनके नाना सोमनाथ कौल एक जाने-माने डॉक्टर थे और उनका नाम आतंकियों की हिट लिस्ट में था।



उन्हें जान से मारने के लिए चिट्ठी जारी की गई थी। चिट्ठी में लिखा गया था- 'यहां से चले जाओ, नहीं तो कल जान ले लेंगे।' इस घटना के बाद समय का परिवार बहुत डर गया था। हालांकि, समय ने यह भी बताया कि उनके नाना की इलाके में बहुत इज्जत थी। वो कई लोगों का मुफ्त इलाज करते थे, इसलिए लोग उन्हें बहुत मानते थे। इसलिए वहां के कश्मीरी मुसलमानों ने उनके नाना को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। उन्होंने आतंकियों को कहा था कि वह उनके साथ ऐसा नहीं कर सकते। लेकिन आतंकवादियों ने समय के परिवार को तुरंत कश्मीर छोड़ने के लिए कहा। जिसके बाद रातों-रात सबने अपना सामान एक वैन में रखा और घर छोड़ दिया। उन्होंने अपने बचपन पर पड़े असर का जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना ने उनकी पहचान और मानसिक स्थिति पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा कि उनकी पीढ़ी आज भी कश्मीर जाने में डर महसूस करती है।

## दुनियाभर में कमाई 1748.91 करोड़ हुई, पुष्पा 2 को पीछे छोड़ा, सिर्फ दंगल और बाहुबली 2 आगे

# तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग भारतीय फिल्म बनी धुरंधर 2

- 19 मार्च (गुरुवार) को धुरंधर 2 दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।
- धुरंधर फ्रेंचाइजी में रणवीर सिंह ने एक भारतीय जासूस का रोल प्ले किया है। जबकि दोनों ही पार्ट का डायरेक्शन आदित्य धर ने किया है।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

धुरंधर 2 दुनिया भर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म की दुनिया भर में कमाई 1,748.91 करोड़ रुपए हो गई।

इसने 1,742.10 करोड़ रुपए कमाने वाली अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 को पीछे छोड़ दिया। अब यह सिर्फ दंगल (2070 करोड़) और बाहुबली 2 (1,788.06 करोड़) से पीछे है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन भारत में 4.65 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। फिल्म का कुल भारत नेट कलेक्शन अब 1,110.47 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 1,329.31 करोड़ रुपए हो गया। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है। ओवरसीज में फिल्म ने 31वें दिन 1.10 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 419.60 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन अब 1,748.91 करोड़ रुपए हो चुका है।



### धुरंधर को शानदार रिस्पॉन्स मिला था

धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए कमाए। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। विदेशी बाजारों में भी फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए कमाए। अमेरिका और कनाडा में 193.06 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ा।



> फिल्म की कमाई में पांचवें हफ्ते में गिरावट देखने को मिली है, लेकिन वीकेंड पर इसमें हल्की बढ़त हुई। 30वें दिन जहां फिल्म ने 2.70 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था, वहीं 31वें दिन यह बढ़कर 4.65 करोड़ रुपए हो गया।
> फिल्म के हिंदी वर्जन ने 31वें दिन 4.50 करोड़ रुपए का सबसे ज्यादा कलेक्शन किया, जबकि तमिल में 6 लाख रुपए, तेलुगु में 7 लाख रुपए और कन्नड़ में 2 लाख रुपए का नेट कलेक्शन हुआ।

## अब बिंदी-तिलक पहन सकेंगे कर्मचारी, कंपनी ने जारी की नई इन-स्टोर स्टाइल गाइडलाइन

# लेंसकार्ट ने ड्रेस कोड विवाद पर माफी-मांगी

**विरोध**



**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईवियर रिटेलर कंपनी लेंसकार्ट ने सोशल मीडिया पर भारी विरोध के बाद पब्लिकली माफी मांगी है। इसके अलावा कंपनी ने अब एक नई और पारदर्शी 'इन-स्टोर स्टाइल गाइड' जारी की है, जिसमें कर्मचारियों को कार्यस्थल पर अपने धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीकों को पहनने की पूरी अनुमति दी गई है।

लेंसकार्ट की नई पॉलिसी में अब बिंदी, तिलक, सिंदूर, कलावा, मंगलसूत्र, कड़ा, हिजाब और पगड़ी जैसे आस्था के प्रतीकों को शामिल किया गया है। कंपनी ने X पर बयान जारी कर कहा कि वे अपनी गाइडलाइंस को सार्वजनिक और पारदर्शी बना रहे हैं ताकि ग्राहकों और समुदाय की चिंताओं को दूर किया जा सके। लेंसकार्ट की एम्प्लॉई ग्रूमिंग पॉलिसी का एक डॉक्युमेंट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कॉर्पोरेट जगत में कंपनियां अपने कर्मचारियों के ड्रेस कोड और व्यवहार के लिए कुछ नियम बनाती हैं, जिसे ग्रूमिंग पॉलिसी कहा जाता है। इसका उद्देश्य ब्रांड की एक समान पहचान बनाना होता है, लेकिन भारत जैसे विविधता वाले देश में इसमें धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना अनिवार्य माना जाता है।

### लेंसकार्ट बोला- हम भारतीयों के लिए बने हैं

**कंपनी ने अपने नए बयान में कहा कि लेंसकार्ट भारत में, भारतीयों द्वारा और भारतीयों के लिए बना है।**

**2,400 से ज्यादा स्टोर्स ऐसे लोगों द्वारा चलाए जाते हैं जो अपनी परंपराओं को साथ लेकर आते हैं।**

**कंपनी ने वादा किया है कि भविष्य की हर ट्रेनिंग और पॉलिसी में सभी की वैल्यूज का ध्यान रखा जाएगा।**



लेंसकार्ट की एम्प्लॉई ग्रूमिंग पॉलिसी का एक डॉक्युमेंट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### विवाद की वजह, वायरल हुआ पुराना डॉक्युमेंट

यह पूरा विवाद इस हफ्ते की शुरुआत में तब शुरू हुआ जब लेंसकार्ट की 'एम्प्लॉई ग्रूमिंग पॉलिसी' का एक डॉक्युमेंट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें कर्मचारियों को बिंदी और तिलक जैसे धार्मिक प्रतीकों को पहनने से रोका गया था। इसके बाद इंटरनेट पर कंपनी के बहिष्कार की मांग उठने लगी थी।

### फाउंडर पीयूष बंसल ने दी सफाई

विवाद बढ़ता देख कंपनी के फाउंडर पीयूष बंसल ने दखल देते हुए स्पष्ट किया कि वायरल हुआ डॉक्युमेंट एक पुराना था और यह कंपनी के वर्तमान रुख को नहीं दर्शाता। बंसल ने कहा कि हमारी पॉलिसी में धार्मिक अभिव्यक्ति के किसी भी रूप पर कोई पाबंदी नहीं है। उन्होंने इस भ्रम की स्थिति के लिए माफी भी मांगी है।

# 'ईरान ने थोड़ी होशियारी दिखाई'

## स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की धमकी पर बोले ट्रंप

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि वह हॉर्मुज जलडमरूमध्य के भविष्य को लेकर अपने बदलते रुख से अमेरिका को ब्लैकमेल न करे। यह चेतावनी तब आई जब तेहरान ने एक बार फिर इस रणनीतिक जलमार्ग को बंद करने की घोषणा कर दी। ओवल ऑफिस से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि हम उनसे बात कर रहे हैं। उन्होंने फिर से जलडमरूमध्य बंद करने की बात की। जैसा कि वे सालों से करते आ रहे हैं, लेकिन वे हमें ब्लैकमेल नहीं कर सकते। ट्रंप ने ईरान के साथ किसी समझौते को लेकर आशावादी रुख भी दिखाया। उन्होंने कहा कि ईरान थोड़े चालाक बन रहे हैं, जैसा कि वे पिछले 47 सालों से करते आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, "बातचीत वास्तव में बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। हम देखेंगे, लेकिन आज दिन के अंत तक हमें कुछ जानकारी मिल सकती है।" ईरान की सैन्य कमान ने बयान में कहा कि वाशिंगटन ने ईरान के बंदरगाहों से आने-जाने वाले जहाजों पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखकर अपना वादा तोड़ा है। बयान में कहा गया, "जब तक अमेरिका ईरान आने वाले सभी जहाजों के लिए आवाजाही की स्वतंत्रता बहाल नहीं करता, तब तक हॉर्मुज जलडमरूमध्य में स्थिति सख्ती से नियंत्रित रहेगी।" शनिवार सुबह ईरानी सरकारी टीवी ने सैन्य केंद्रीय कमान का हवाला देते हुए बताया कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य का नियंत्रण अपनी पिछली स्थिति में लौट आया है और यह सशस्त्र बलों के सख्त प्रबंधन एवं नियंत्रण में है।

### नए प्रस्तावों की समीक्षा कर रहा ईरान

इस बीच, ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने बयान जारी कर कहा कि देश अमेरिका से प्राप्त नए प्रस्तावों की समीक्षा कर रहा है। साथ ही उसने चेतावनी दी कि उसके वार्ताकार वाशिंगटन के साथ कोई समझौता या रियायत नहीं करेंगे।

परिषद ने कहा, "हाल के दिनों में पाकिस्तानी सेना के कमांडर की मध्यस्थता में तेहरान में अमेरिका द्वारा नए प्रस्ताव पेश किए गए हैं, जिनकी इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान वर्तमान में समीक्षा कर रहा है और अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है। ईरान का वार्ता प्रतिनिधिमंडल जरा सा भी समझौता, पीछे हटना या नरमी नहीं बरतेगा और ईरानी राष्ट्र के हितों की पूरी ताकत से रक्षा करेगा।"

**फास्ट न्यूज**

### नेपाल सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नई दिल्ली। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने गगन थापा के नेतृत्व वाले गुट को आधिकारिक नेपाली कांग्रेस के रूप में मान्यता दे दी है, जिससे शेर बहादुर देउबा को बड़ा झटका लगा है। न्यायमूर्ति सारंगा सुबेदी और न्यायमूर्ति नृपा ध्वज निरौला की खंडपीठ ने शुक्रवार को चुनाव आयोग द्वारा थापा के नेतृत्व वाली वर्तमान केंद्रीय कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) को दी गई मान्यता के पक्ष में फैसला सुनाया।

### होर्मुज में अमेरिका दोहराने जा रहा गैलीपोली जैसी रणनीतिक भूल

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के केंद्र में होर्मुज जलडमरूमध्य बना हुआ है, जहां से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत गुजरता है। युद्ध जैसी परिस्थितियों के बीच ईरान ने इस रणनीतिक मार्ग को अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए बंद कर दिया था, जबकि तटस्थ और समर्थक देशों के जहाजों को सीमित आवाजाही की अनुमति दी गई। विशेषज्ञ इस स्थिति की तुलना प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1915 के गैलीपोली अभियान से कर रहे हैं, जहां समुद्री मार्ग पर नियंत्रण की कोशिश मित्र देशों के लिए भारी विफलता साबित हुई थी।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भारत दौरे के लिए रवाना

सियोल । दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग भारत दौरे के लिए रवाना हो गए है। वे नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर ऊर्जा सप्लाई, AI, रक्षा और समुद्री सहयोग पर चर्चा करेंगे। यह बैठक सप्लाई चेन संकट से निपटने और दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग रविवार को भारत दौरे के लिए रवाना हो गए हैं।

# आठ हजार कर्मचारियों की छंटनी का मेटा बना रही प्लान

## 20 मई से वर्कफोर्स घटाने की प्रोसेस शुरू होगी, ग्लोबल लेवल पर 10% स्टाफ कम होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फेसबुक और इंस्टाग्राम की पेरेंट कंपनी मेटा इस साल मई में करीब 8,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का प्लान बना रही है। यह छंटनी 2022 के आखिरी और 2023 की शुरुआत में हुई रिस्ट्रक्चरिंग के बाद कंपनी का सबसे बड़ा कदम होगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े पैमाने पर होने वाली यह वर्कफोर्स कटौती 20 मई के आसपास शुरू हो सकती है।

शुरुआती फेज में मेटा अपनी कुल ग्लोबल वर्कफोर्स का लगभग 10% हिस्सा कम करने की तैयारी में है। इसके अलावा कंपनी साल की दूसरी छमाही में भी कुछ और कर्मचारियों की छंटनी कर सकती है। हालांकि, छंटनी की सटीक तारीख और कर्मचारियों की संख्या में अभी भी बदलाव की संभावना है।

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) में अरबों डॉलर का निवेश कर रहे हैं। कंपनी के अधिकारियों का मानना है कि AI की बढ़ती क्षमताओं के कारण अब भविष्य में मैनेजमेंट लेयर्स कम होंगी और AI-असिस्टेड वर्कर्स के जरिए काम में ज्यादा एफिशिएंसी आएगी। पहले ऐसी रिपोर्ट्स भी आई थीं कि मेटा अपने कुल वर्कफोर्स का 20% या उससे ज्यादा हिस्सा कम कर सकती है।



### अमेजन और डिज्नी ने भी कम किया स्टाफ

टेक और मीडिया सेक्टर में छंटनी का यह दौर केवल मेटा तक सीमित नहीं है। हाल के महीनों में अमेजन ने भी अपने लगभग 30,000 कॉर्पोरेट कर्मचारियों (करीब 10% व्हाइट-कॉलर स्टाफ) को बाहर का रास्ता दिखाया है। वहीं डिज्नी के सीईओ जोश डी'अमारो ने भी टीवी बिजनेस, ईएसपीएन और टेक्नोलॉजी विभाग से करीब 1,000 कर्मचारियों को हटाने की घोषणा की है।

## गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के बाहर हुई घटना, हमलावर फरार

# इटली में गुरुद्वारे के सामने गोली मारकर दो भारतीयों की हत्या

**वारदात**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इटली के बर्गामो प्रांत के कोवो शहर में वैसाखी उत्सव के मौके पर दो भारतीय पुरुषों को गोली मारकर मार दिया गया। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना शुक्रवार रात करीब 12 बजे हुई, जब दोनों व्यक्ति कोवो के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी से बाहर निकल रहे थे। हमला गुरुद्वारे के सामने वाले चौक पर हुआ।

मारे गए दोनों भारतीयों की उम्र 48 साल बताई गई है। उनमें से एक की पहचान रागिंदर सिंह के रूप में हुई, जो कोवो का निवासी था। दूसरे व्यक्ति का नाम गुरमीत सिंह है, जो अग्नाडेल्लो का रहने वाला था।

घटना के अगले दिन यानी शनिवार को पास ही में स्थानीय संस्थाओं के साथ वैसाखी का आधिकारिक उत्सव मनाने का कार्यक्रम तय था। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और हमलावर की तलाश जारी है।

> **प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावर अचानक उनके पास आया, दोनों पर गोलीबारी की और फिर कार में बैठकर भाग निकला। पुलिस ने मौके से करीब दस खाली कारतूस बरामद किए हैं।**

### हत्या की साजिश का शक

पुलिस ने शुरुआती जांच में अचानक हुए झगड़े को खारिज कर दिया है। अधिकारियों का मानना है कि यह ठंडे दिमाग से प्लान की गई हत्या हो सकती है।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि गोली चलाने वाला व्यक्ति भी भारतीय था और वह नियमित रूप से गुरुद्वारे में आता-जाता था। गवाह के अनुसार, गोलीबारी में एक तीसरा व्यक्ति भी बाल-बाल बचा, गोली उसके शरीर को सिर्फ छूकर निकल गई।

## ट्रांजिट उड़ानों को दी जाएगी प्राथमिकता, ईरान का हवाई क्षेत्र चार चरणों में खुलेगा

# चार चरणों में फिर से खोला जाएगा ईरान का हवाई क्षेत्र

**पीटीआई ने फैसले को चुनौती देने के लिए दायर की पुनर्विचार याचिका**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ईरान का हवाई क्षेत्र धीरे-धीरे चार चरणों में दोबारा खोला जाएगा। पूर्व से पश्चिम की ओर उड़ानों को क्रमबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। यह जानकारी तस्नीम न्यूज एजेंसी ने ईरान के सिविल एविएशन संगठन के उप निदेशक के हवाले से दी है। ईरान के हवाई क्षेत्र को फिर से खोलने की प्रक्रिया चार चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में केवल ट्रांजिट यानी पारगमन उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र खोला जाएगा। दूसरे चरण में देश के पूर्वी हवाई अड्डों से उड़ानों की अनुमति दी जाएगी। तीसरे चरण में मेहराबाद और इमाम खुमैनी हवाई अड्डों से उड़ानें शुरू होंगी। चौथे और अंतिम चरण में अन्य पश्चिमी हवाई अड्डों से उड़ानों की अनुमति दी जाएगी। सिविल एविएशन अधिकारी ने बताया कि फिलहाल हवाई जहाज के टिकटों की बिक्री निलंबित है। लोगों को हवाई अड्डों की स्थिति और टिकट खरीदने की संभावना के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए संगठन की आधिकारिक घोषणाओं पर ध्यान देना चाहिए।

रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि हवाई क्षेत्र कब से दोबारा खुलना शुरू होगा। यात्रियों को किसी भी उड़ान से पहले आधिकारिक सूचना की प्रतीक्षा करने की सलाह दी जाती है।

### यूक्रेन में बंदूकधारी ने 6 लोगों की गोली मारकर की हत्या

नई दिल्ली। यूक्रेन की राजधानी कीव में शनिवार को स्वचालित हथियार से लैस एक बंदूकधारी ने छह लोगों की हत्या कर दी और एक सुपरमार्केट में लोगों को बंधक बना लिया। गिरफ्तारी का विरोध करते समय हमलावर मारा गया। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा, जिसे एसबीयू भी कहा जाता है, ने इन हत्याओं को आतंकवाद का कृत्य बताया है। बंदूकधारी से मध्यस्थ के माध्यम से संपर्क करने के प्रयास विफल होने के बाद पुलिस ने सुपरमार्केट पर धावा बोला जहां हमलावर ने लोगों को बंधक बना लिया था।

गृह मंत्री इगोर क्लिमेंको ने बताया कि बंदूकधारी ने सुपरमार्केट में प्रवेश करने और पांचवें व्यक्ति की हत्या करने से पहले सड़क पर चार राहगीरों की हत्या कर दी थी। मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि एक छठी पीड़ित युवती की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई।

# एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 9% बढ़कर 19,221 करोड़ हुआ

## मार्च तिमाही में रेवेन्यू भी 5% बढ़ा, बैंक हर शेयर पर 13 का डिविडेंड देगा

**मुंबई, एजेंसी**



देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक HDFC बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही (Q4) के नतीजे जारी कर दिए हैं। 31 मार्च 2026 को खत्म हुई इस तिमाही में बैंक का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 9% बढ़कर 19,221 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 17,616 करोड़ रुपए था।

बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 13 रुपए प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड का ऐलान किया है। इसके भुगतान के लिए रिकॉर्ड डेट 19 जून 2026 तय की गई है। इससे पहले बैंक अगस्त 2025 में 2.5 रुपए प्रति शेयर का स्पेशल अंतरिम डिविडेंड भी दे चुका है। इस तरह निवेशकों को पूरे साल में कुल 15.5 रुपए का डिविडेंड मिलेगा।HDFC बैंक का कुल नेट रेवेन्यू सालाना आधार पर 5% बढ़कर 46,280 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले साल मार्च तिमाही में यह 44,090 करोड़ रुपए था।

बैंक की मुख्य आय यानी नेट इंटरेस्ट इनकम (NII) भी 3.2% बढ़कर 33,080 करोड़ रुपए रही। बैंक का नेट इंटरेस्ट मार्जिन (NIM) कुल एसेट्स पर 3.38% दर्ज किया गया। चौथी तिमाही में बैंक की एसेट क्वालिटी बेहतर हुई है। बैंक का ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (NPA) घटकर 1.24% से 1.15% पर आ गया है।

वहीं नेट NPA मार्च 2026 तक 0.38% रहा। बैंक ने इस तिमाही के लिए प्रोविजंस और कंटिंजेंसी के तौर पर 2,610 करोड़ रुपए अलग रखे हैं। बैंक का टोटल क्रेडिट कॉस्ट रेश्यो 0.35% रहा।

बैंक के औसत डिपॉजिट्स में अच्छी बढ़त देखी गई है। मार्च 2026 तिमाही में औसत डिपॉजिट्स 28.5 लाख करोड़ रुपए रहे, जो पिछले साल की तुलना में 12.8% ज्यादा हैं।

इसी तरह बैंक के औसत CASA (करेंट अकाउंट और सेविंग्स अकाउंट) डिपॉजिट्स भी 10.8% की ग्रोथ के साथ 9.18 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गए हैं।

## नियम : नए निवेशक ओएफएस में हिस्सा नहीं ले सकते, जून में आईपीओ आने की उम्मीद

# एनएसई के अनलिस्टेड शेयर 2,075 से गिरकर 1,885 पर आए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

NSE के आईपीओ की खबरों के बीच इसके अनलिस्टेड शेयर 2,075 के हाई से गिरकर 1,885 पर आ गए हैं। इसकी वजह SEBI का वह नियम है जिसके तहत केवल वही निवेशक IPO में शेयर बेच सकते हैं जिन्होंने कम से कम एक साल पहले से शेयर होल्ड किए हों।

NSE का शेयर होल्डर बेस एक साल में तेजी से बढ़ा है। 2025 की शुरुआत में जहां 39,000 निवेशक थे, वहीं साल के अंत तक यह बढ़कर 1.8 लाख के पार पहुंच गए।

इतने बड़े और बिखरे हुए बेस के कारण OFS की प्रक्रिया जटिल हो गई है। एक्सचेंज ने इस पूरी प्रक्रिया को संभालने के लिए बैंकर्स और कानूनी सलाहकारों की एक बड़ी टीम नियुक्त की है।



**OFS:** कंपनी के प्रमोटर या पुराने निवेशक अपनी हिस्सेदारी आम जनता को बेचते हैं। इससे मिलने वाला पैसा कंपनी के पास नहीं बल्कि शेयर बेचने वाले निवेशकों के पास जाता है।

**अनलिस्टेड मार्केट:** यहां उन कंपनियों के शेयरों की खरीद-बिक्री होती है जो NSE या BSE जैसे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड नहीं हैं। इसमें निवेशक कंपनी के IPO आने से पहले ही उसके शेयर खरीद सकते हैं, लेकिन यहां जोखिम और उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है।

**एनएसई अपने आईपीओ के जरिए 20,000 करोड़ से ज्यादा जुटाना चाहती है। यह पूरी तरह ऑफर फॉर सेल होगा यानी एनएसई खुद कोई नया पैसा नहीं जुटाएगी। सारी रकम मौजूदा शेयरधारकों को मिलेगी जो अपनी हिस्सेदारी बेचना चाहते हैं। एनएसई करीब 4 से 4.5% इक्विटी इस रास्ते से बेचेगी। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस जून तक दाखिल होने की उम्मीद है।**

### नए निवेशक ओएफएस में शामिल नहीं हो पाएंगे

SEBI के मुताबिक OFS में शेयर बेचने के लिए निवेशक को ड्राफ्ट पेपर दाखिल होने से कम से कम एक साल पहले से शेयर होल्ड करने होंगे। यानी जून 2025 से पहले के खरीदार ही हिस्सा ले सकते हैं। जो निवेशक आज अनलिस्टेड मार्केट से शेयर खरीदेंगे, वे IPO में शेयर नहीं बेच पाएंगे। शेयरधारकों को OFS में शामिल होने के लिए 27 अप्रैल तक अपनी सहमति भी देनी होगी।

### निवेशकों के लिए क्या है रिस्क?

शेयरधारकों के लिए सबसे बड़ी अनिश्चितता कीमत को लेकर है, क्योंकि फाइनल प्राइस बुक-बिल्डिंग प्रोसेस से ही तय होगा। इसके अलावा, यदि ऑफर किए गए शेयर पूरी तरह नहीं बिकते हैं, तो बचे हुए शेयरों पर लिस्टिंग के बाद 6 महीने का लॉक-इन पीरियड लागू हो सकता है।

# पाकिस्तान में ड्यूटी पर तैनात पोलियो कार्यकर्ता की हत्या

## पेशावर के उर्मर गांव में चल रहा था अभियान



**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर के बाहरी इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने पोलियो कार्यकर्ता की हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह हमला शुक्रवार को पेशावर के उपनगर उर्मर गांव में चल रहे पोलियो उन्मूलन अभियान के दौरान किया गया। पुलिस ने बताया कि हमले में मारे गए पोलियो कार्यकर्ता की पहचान शोएब अली के रूप में हुई है। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर हमले को अंजाम देकर फरार हो गए। इस घटना के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इससे पहले बुधवार को, संदिग्ध आतंकियों ने बन्नू जिले में तीन पोलियो कार्यकर्ताओं का अपहरण कर लिया था।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।**

**मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**